वार्षिक रिपोर्ट
2022-23

INDIAN COUNCIL OF SOCIAL SCIENCE RESEARCH

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार

वार्षिक रिपोर्ट
2022-23

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद्
अरुणा आसफ अली मार्ग,
जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय संस्थागत क्षेत्र,
नई दिल्ली- 110067

विषय सूची

''प्रस्तुत प्रतिवेदन मूल रूप से अंग्रेजी में लिखित 'वार्षिक रिपोर्ट 2022-23' जिसमें पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन भी शामिल है का हिंदी अनुवाद है। यदि इसमें कोई विसंगति परिलक्षित होती है तो अंग्रेजी में लिखित प्रतिवेदन मान्य होगा।''

कार्यक्रम

1

सिंहावलोकन

ये बात सर्वविदित है कि सामाजिक विज्ञान अनुसंधान समाज और उसके क्रियाकलापों को बेहतर तरीके से समझने में हमारे लिए अति उपयोगी है, क्योंकि यह विचार-विमर्श के द्वार खोलता है जिससे हमें अपने सम्यक भविष्य के निर्धारण में अपनी भूमिका निभाने का अवसर मिलता है। अनुसंधान के द्वारा हमें सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए नीति निर्देश तो मिलते ही हैं साथ ही यह हमें नीति निर्धारण, शिक्षण एवं अनुसंधान हेतु नवीन सूचनाएं एवं विचार भी प्रदान करता है। अतः सामाजिक विज्ञान अनुसंधान समाज एवं देश के लिए अति महत्वपूर्ण सेवाएं प्रदान करता है।

भारत में सामाजिक विज्ञान शिक्षण में अनुसंधान के प्रयोग का लंबा व समृद्ध इतिहास रहा है। भारत के विभिन्न क्षेत्रों में स्थित तक्षशिला, नालंदा, विक्रमशिला, वल्लभी, पुष्पागिरी एवं सोमपुरा आदि विश्वविद्यालय शिक्षा के वैश्विक केन्द्र रहे हैं। इन विश्वविद्यालयों में पढ़ाए जाने वाले विषयों में वेद, वेदान्त, आयुर्वेद, चिकित्सा एवं शल्य-विद्या, विधि-शास्त्र, गणित, खगोल-विद्या, भौतिकी, धातु-विज्ञान, अभियांत्रिकी, वास्तु-कला, दर्शन-शास्त्र, व्याकरण, कृषि-विज्ञान, अर्थशास्त्र, वाणिज्य, राजनीति, शासन-कला, सैन्य-शिक्षा, साहित्य एवं कला आदि सम्मिलित थे। इन विश्वविद्यालयों में विश्वभर से आने वाले शिक्षार्थियों के लिए शिक्षण, शिक्षा एवं अनुसंधान के अत्यंत उच्च मापदंड रखे जाते थे। इस भारतीय शिक्षा तंत्र के द्वारा कई उच्च कोटि के विद्वान निकले जैसे- आर्यभट्ट, भास्कराचार्य, अमरसिंह, चंद्रबरदाई, बाणभट्ट, दांदिन, जीवक कुमारभक्का, महावीराचार्य, चरक, सुश्रुत, बोधयान, चाणक्य, ब्रह्मगुप्त, पाणिनी, पतंजली, नागार्जुन, पिंगला, गार्गी, कणद, वराहमिहिर, थिरुवल्लुवर आदि।

हाँलांकि देश में सामाजिक विज्ञान शिक्षा एवं अनुसंधान का आधिकारिक प्रादुर्भाव, आधुनिक काल में कोलोनियल तत्वावधान मे 19वीं शताब्दी के मध्य में आधुनिक विश्वविद्यालय तंत्र के परिचय के साथ हुआ, जब शासकीय सीरामपुर विश्वविद्यालय (1829), मुंबई विश्वविद्यालय (1857), मद्रास विश्वविद्यालय (1857), कलकत्ता विश्वविद्यालय (1857) एवं इलाहाबाद विश्वविद्याल (1857) का उद्भव हुआ। यही वो समय था, जब भारतीय प्राच्य पुनरुत्थान का पश्चिमी क्रिश्चियन मिशनरीज़ एवं यूरोपियन साम्राज्यवाद से सामना हुआ और अंततः वह अपने स्थान से पदच्युत होकर यूरो केन्द्रित हो गया। सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के स्वरुप में असली परिवर्तन आजादी के बाद आया जब योजनाबद्ध सामाजिक आर्थिक विकास के एक हिस्से के रुप में उच्च शिक्षा का तेजी से प्रसार किया गया। जैसे-जैसे देश विकास के मार्ग पर बढ़ने लगा अनेकों अनेक भिन्न चुनौतियां सामने आती गईं, जिनके निवारण हेतु विस्तार से अनुसंधान एवं विश्लेषण की आवश्यकता थी, जिसे देखते हुए भारत सरकार ने 1965 में प्रोफेसर वी.के.आर.वी राव की अध्यक्षता में एक सामाजिक विज्ञान अनुसंधान समिति का गठन किया, जिससे देश में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान की स्थिति का आकलन हो तथा विकास को गति देने हेतु नीति निर्देश दिए जा सकें। इसके परिणाम स्वरुप देश में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को प्रोत्साहित, विकसित व प्रायोजित करने हेतु 1969 में भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (भासाविअप) की स्थापना की गई। अपने सामाजिक शिक्षा के बढ़ते क्रम में समय के साथ हमने ऐसी चुनौतियों की पहचान की जो भविष्य में देश में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के विकास एवं वृद्धि के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण रहेंगी। अभी महत्वपूर्ण यह है कि हमारे पश्चिमी सहयोगियों पर अत्यधिक निर्भरता के कारण सामाजिक विज्ञान के विकृत परिप्रेक्ष्य को सही करने पर कार्य किया जाए। इस संदर्भ में मातृभाषा में स्थानीय सामाग्री का उपयोग, आंतरिक व्यक्तियों द्वारा अनुसंधान, तथ्यात्मक एवं प्रणालीगत ढांचे की अनुसंधान प्राथमिकताओं एवं सुधार पर जोर दिए जाने की आवश्यकता है।

आज के समय की मांग है कि हम भारत की 'असाधरणता' के प्रलेखन को प्राथमिकता देने की बजाय भारत की विभिन्न समाजिकताओं पर जोर दें जिससे विभिन्न समस्याओं का प्रतिनिधित्व किया जा सके, नए सिद्धांतों एवं दृष्टिकोणों का निर्माण किया जाए जिससे अधिक विस्तृत उपयोगी तथ्यात्मक अंतर्दृष्टि के निर्माण में अंतर्राष्ट्रीय तुलना में भारत के विभिन्न लोगों के बहुआयामी विचारों को प्रतिनिधित्व व स्थान मिले। वर्तमान में सामाजिक विज्ञानियों

द्वारा पश्चिमी प्रणाली के जाल से निकलने के लिए प्रयास किये जा रहे हैं। इंडिक परिदृश्य को वास्तविक भारतीय समाज एवं संस्कृति के चश्मे से देखा जा रहा है।

भासाविअप एक स्वायत्त संस्था है जो भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय के अंतर्गत आती है, यह एक उच्च कोटि का संगठन है जिसके अंतर्गत भारत के विभिन्न भागों में 24 अनुसंधान संस्थान (सहायक-अनुदान), 5 मान्यता प्राप्त क्षेत्रीय अनुसंधान संस्थान तथा 6 क्षेत्रीय केन्द्र आते हैं।

भासाविअप के लक्ष्य एवं उद्देश्य जो उसकी समिति के ज्ञापन-पत्र में उल्लिखित हैं, इस प्रकार है—

- सामाजिक विज्ञान अनुसंधान की प्रगति और नीतिगत मुद्दों पर समीक्षा और सर्वेक्षण कर सरकार को सलाह देना।
- विश्वविद्यालयों/कॉलेजों/अनुसंधान संस्थानों में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए वित्तीय सहायता देना।
- शोधकर्ताओं और संकायों के लिये डॉक्टरेट (पीएचडी), पोस्ट-डॉक्टरल, वरिष्ठ एवं राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति प्रदान करना।
- शोधकर्ताओं तथा संकायों के लिए वृहद् तथा लघु, सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाओं को अनुदान देना।
- सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिणामों के प्रसार के लिए राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों और सम्मेलनों को वित्तीय सहायता देना।
- युवा शोधकर्ताओं और संकायों के लिए प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण संबंधी कार्यक्रमों को प्रायोजित करना व आर्थिक सरंक्षण देना।
- विद्वानों तथा संकायों को अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं और आकड़ों के संग्रहण हेतु अनुदान प्रदान करना।
- विभिन्न देशों और वित्त पोषण एजेंसियों के साथ सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहित करना।
- पत्रिकाओं, पुस्तकों के प्रकाशन और व्यवसायिक सामाजिक विज्ञान संघों व संगठनों को मजबूत बनाना।
- सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के लिए पुस्तकालय, प्रलेखन, डेटा और ऑनलाईन सेवाएं उपलब्ध कराना एवं
- अनुसंधान के उपेक्षित और नए महत्वपूर्ण क्षेत्रों में समसामायिक विषयों को सामने लाना।

अपनी स्थापना के पिछले 54 वर्षों के दौरान भासाविअप देश में सक्रिय रुप से सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को बढ़ावा और वित्तीय सहयोग देने के कार्य में लगा हुआ है। यह अपने अनुसंधान संस्थानों को (अनुदान आधार पर) अंतर्विषयी दृष्टिकोण के द्वारा राष्ट्रीय व स्थानीय मुद्दों पर अनुसंधान हेतु विकास एवं रख-रखाव के लिए नियमित अनुदान प्रदान करता है। यह अपने 6 क्षेत्रीय केन्द्रों को पूर्ण सहयोग प्रदान करता है जो भासाविअप के कार्यक्रमों और योजनाओं के प्रसार के लिए अपने संबंधित क्षेत्रों में परिषद् का प्रतिनिधित्व करते हैं। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रम के तहत भासाविअप ने 13 देशों यूके, जापान, दक्षिण अफ्रीका, जर्मनी, दक्षिण कोरिया, स्विटज़रलैंड, श्रीलंका, वियतनाम, फिलीपिंस, नीदरलैंड्स, स्वीडन, ताईवान, बोसनिया एवं हर्जेगोविना जैसे देशों के साथ द्विपक्षीय समझौतों पर हस्ताक्षर किये हैं साथ ही सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत 3 देशों फ्रांस, चीन व थाईलैंड के साथ भी, जिससे शोधार्थियों के आदान-प्रदान, संयुक्त सम्मेलनों, अनुसंधान परियोजनाओं, प्रकाशन, पुस्तक एवं पत्रिकाओं के आदान-प्रदान जैसे क्रियाकलापों पर काम किया जा सके। भासाविअप अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान संगठनों जैसे इंटरनेशनल साईंस काउंसिल (आईएससी), साईंस काउंसिल ऑफ एशिया (एससीए) एवं यूनेस्को आदि की गतिविधियों में भी भाग लेता है। परिषद्, यूनेस्को मोस्ट (मैनेजमेंट ऑफ सोशल ट्रांसफोर्मेशन) कार्यक्रम की गतिविधियों व क्रियान्वयन में एक केन्द्रीय एजेंसी के रुप में कार्य करती है।

अपनी स्थापना से लेकर अब तक भासाविअप द्वारा 8,350 वृहद, लघु एवं संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं (इंप्रेस सहित) प्रदत्त की गई है, साथ ही 7,525 पूर्ण-कालिक डॉक्टरल अध्येतावृत्तियां, 3,002 पोस्ट-डॉक्टरल अध्येतावृत्तियां, 854 वरिष्ठ अध्येतावृत्तियां एवं 174 राष्ट्रीय अध्येतावृतियां प्रदान की हैं। परिषद् के द्वारा 4,882 राष्ट्रीय व 1,235 अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों/सम्मेलनों का प्रायोजन किया गया तथा 2,241 विद्वानों के अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लेने व 478 शोधार्थियों के डेटा संग्रहण के लिए की गई विदेश यात्राओं को प्रायोजित किया गया। भासाविअप द्वारा युवा शोधार्थियों एवं शिक्षकों के लिए 1,167 अनुसंधान प्रणाली कोर्सों व प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का प्रायोजन किया गया, 1,887 शोधार्थियों को उनके डॉक्टरल शोध-पत्र/परियोजनाओं/अध्येतावृत्ति रिपोर्टों/सम्मेलन क्रियाकलापों के प्रकाशन हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की गई, 1,107 सामाजिक विज्ञान पत्रिकाओं एवं सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में कार्यरत 412 व्यवसायिक संस्थाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की। परिषद् द्वारा देश में कुछ सामाजिक विज्ञान विषयों जैसे अर्थशास्त्र, राजनीति शास्त्र, समाज विज्ञान एवं सामाजिक नृविज्ञान, भूगोल एवं दर्शन शास्त्र में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान की स्थिति के आकलन के लिए 6 पक्षीय सर्वेक्षण भी किय गया। इन सर्वेक्षणों को भासाविअप द्वारा मान्यता प्राप्त प्रकाशनों जैसे- सेज, पीयरसन एवं ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस (ओयूपी) आदि के सहयोग से प्रकाशित किया गया। भासाविअप द्वारा प्रतिष्ठित सामाजिक विज्ञान अनुसंधान पत्रिका—'द इंडियन सोशल साईंस रिव्यू' का प्रकाशन किया जाता था जिसे 2011 में बंद कर दिया गया। वर्तमान में हमने पत्रिका को पुनः प्रारंभ किया है जिसके लिए प्रतिष्ठित विद्वान लेखों तथा अनुसंधान पत्रों

का विश्लेषण कर रहे हैं। इनमें से चयनित लेखों को प्रकाशन के लिए भेजा जाएगा। इसके अतिरिक्त भासाविअप अपने नेशनल सोशल साईंस डॉक्यूमेंटेशन सेंटर (नेस्डॉक) के माध्यम से संपूर्ण देश के हजारों शोधार्थियों व समाज विज्ञानियों को पुस्तकालय, प्रलेखन, डेटा एवं ई-रिसोर्सेज़ आदि सेवाएं प्रदान करता है।

भासाविअप, नीति संबंधित समस्याओं पर भारत सरकार को आवश्यकता अनुसार अनुसंधान आधारित परामर्श देता आया है, साथ ही यूके के साथ न्यूटन-विवेकानंद कार्यक्रम में भी भागीदारी करता रहा है। परिषद् द्वारा समय-समय पर भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों जैसे- सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय, अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, गृह मंत्रालय और विज्ञान व तकनीकी मंत्रालय के लिए अध्ययन कार्य भी किया गया है। इसके साथ ही मंत्रालयों व नीति आयोग के विभिन्न दस्तावेजों में भासाविअप के अध्ययनों एवं संदर्भों की अच्छी खासी छाप नज़र आती है। वैसे भी भासाविअप के सदस्य सचिव तथा परिषद् सदस्य भारत सरकार की नीति निर्माण तथा क्रियान्वयन से संबंधित अन्य शासकीय संस्थाओं जैसे- विश्वविद्यालय अनुदान आयोग, भारतीय सांख्यिकी संस्थान, वैज्ञानिक एवं औद्योगिक अनुसंधान परिषद् (सीएसआईआर), भारतीय विश्व कार्य परिषद, भारतीय उच्च शिक्षा संस्थान, नीति आयोग, आईसीपीआऱ, आईसीएचआऱ आदि के कार्यक्रमों तथा विवेचनाओं में सम्मिलित होते रहे हैं, जहां भासाविअप के कई अफसरों ने परिषद् की विभिन्न योजनाओं का प्रस्तुतिकरण भी किया है।

आज जब भासाविअप ने अपने अस्तित्व के 54 वर्ष पूर्ण किए हैं तब यह भारत में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को दिशा देते हुए चुनौतियों और संभावनाओं दोनों का सामना कर रहा है साथ ही वैश्विक पटल पर भी सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में अपनी पूरी भागीदारी निभा रहा है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की एक रिपोर्ट के अनुसार वर्तमान में भारत में 1,074 विश्वविद्यालय (56 केन्द्रीय विश्वविद्यालय, 460 प्रादेशिक विश्वविद्यालय, 430 निजी विश्वविद्यालय तथा 128 मानद विश्वविद्यालय) हैं। इसी तरह से, इंटरनेशनल स्टैंडर्ड सीरीज़ नंबर (आईएसएसएन) एवं उलरिच इंटरनेशनल पीरियोडिकल डायरेक्टरी डेटा बुक के अनुसार भारत में वर्ष 2000-2015 के दौरान 2,131 सामाजिक विज्ञान पत्रिकाओं का प्रकाशन किया गया।

वैसे, शिक्षा मंत्रालय (जिसे पूर्व में मानव संसाधन विकास मंत्रालय के रुप में जाना जाता था), भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 में नेशनल इंस्टीट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआऱएफ) की स्थापना के साथ अनुसंधान कार्य के प्रकार पर अधिक बल दिया जाने लगा है क्योंकि संस्थानों एवं विश्वविद्यालय के अनुसंधान कार्यकलापों तथा परिणामों के आधार पर ही उनकी रैंकिंग तय होती है। इस समग्र चुनौती ने नीति निर्धारकों को सोचने पर मजबूर किया है कि वह ऐसी नई रणनीतियों व बेहतर वैश्विक पद्धतियों को अपनाएं जिससे अनुसंधान गुणवत्ता व संस्कृति को बेहतर बनाकर भारतीय विश्वविद्यालय व संस्थानों की वैश्विक रैंकिंग को बेहतर किया जा सके। इस बात का पता, भारत सरकार द्वारा भारत के प्रतिष्ठित जन उच्च शिक्षा संस्थानों को भारत के एक संसदीय एक्ट के माध्यम से 'इंस्टीट्यूट ऑफ नेशनल इंपोर्टेंस' का दर्जा देने में बढ़ोतरी से भी चलता है। अतः भासाविअप सहित सभी ऐसे संस्थान जिन्हें अनुसंधान को सहायता व प्रोत्साहन देने का कार्य सौंपा गया है, उनके सामने उच्च, नवीन एवं अग्रणी अनुसंधान को प्रोत्साहित करने की चुनौती रहती है, जिससे देश के विश्वविद्यालयों व संस्थानों की राष्ट्रीय एवं वैश्विक रैंकिंग को सुधारा जा सके, साथ ही देश में एक मजबूत अनुसंधान संस्कृति का निर्माण हो। वर्तमान में ऐसी अनेक अपार संभावनाएं हैं जो भासाविअप को लाभप्रद स्थान पर खड़ा करती हैं कि वह सामाजिक विज्ञान अनुसंधान व नीति के क्षेत्र में देश में साथ ही वैश्विक स्तर पर भी अग्रणी भूमिका निभा सके।

सर्वविदित है कि 21वीं सदी को एशिया की सदी कहा जाता है, जहां भारत, चीन व जापान अग्रणी राष्ट्र माने जाते हैं। पिछले तीन दशकों में, भारत एवं चीन तीव्र गति से उभर रहे हैं। शीत युद्ध के अंत एवं वैश्वीकरण के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए भारत को अपनी स्थिति और भूमिका को क्षेत्रीय एवं वैश्विक दोनों स्तर पर पुनः परिभाषित करने की आवश्यकता है। 1990 के आर्थिक उदारीकरण के पश्चात से ही भारत की वैश्विक उपस्थिति तेजी से बढ़ रही है। वर्तमान में, पिछले तीन दशकों से भारत की अर्थव्यवस्था तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्सवस्थाओं में से एक है और अब ये अमेरिका, चीन, जापान और जर्मनी के बाद विश्व की पांचवी बड़ी अर्थव्यवस्था (सांकेतिक जीडीपी के अनुसार) एवं तीसरी सबसे बड़ी क्रय शक्ति समता (परचेज़िंग पॉवर पैरिटी-पीपीपी) (आईएमएफ व वर्ल्ड बैंक के मुताबिक) बन चुकी है। आने वाले कुछ वर्षों में भारतीय अर्थव्यवस्था के तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के संकेत हैं। अनुसंधान के क्षेत्र में ऐसी कई समस्याएं हैं जो संपूर्ण विश्व के सामने हैं, साथ ही ऐसी भी कई अनुसंधान समस्याएं हैं जो किसी एक देश या नीति से संबंधित हैं जिनका अध्ययन वह देश वर्तमान की समस्याओं को समझने व उनके संभावित समाधान के लिए करना चाहते हैं। भारत के विषय में बढ़ती हुई जनसंख्या, राष्ट्रीय सुरक्षा, विकास के प्रतिमान, जल संसाधन, जलवायु परिवर्तन, संधारण, प्रवासन, शहरी सरंचना, समावेशिता आदि कुछ विशिष्ट समस्याएं हैं। कई बार देश अपनी समान समस्याओं हेतु एक साथ आते हैं अतः अनुसंधान समस्याएं भी एक सी होती हें।

भारत की ज्ञान सृजन के क्षेत्र में विश्व प्रतिनिधि बनने की महत्वकांक्षा उसकी अनुसंधान क्षमता एवं सरंचना पर निर्भर करती है। अंततः अनुसंधान को समाज की सेवा करने तथा नीति निर्धारण व उसके निष्पक्ष आकलन में अपना योगदान देना ही चाहिए। इसी

के साथ आधुनिक अनुसंधान, विषयगत संकीर्णताओं के दायरे से बाहर निकलकर अंतर विषयी तथा बहुविषयी अनुसंधान की ओर बढ़ रहा है, साथ ही कई विषय अपने बौद्धिक व संरचनात्मक संसाधनों के मिश्रण द्वारा विस्तृत कल्याण के समान उद्देश्य को पाने की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। इस संदर्भ में भासाविअप की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि हम ऐसे बहुविषयी व अंतरविषयी अनुसंधान को प्रोत्साहन देते आ रहे हैं। यहां तक की विज्ञान एवं तकनीकी के क्षेत्र में होने वाले विकास के लिए भी सामाजिक विज्ञान के दृष्टिकोण की आवश्यकता होती है क्योंकि इसके द्वारा ही नवीन परिवर्तन की स्वीकार्यता एवं उसकी अनुकूलता के लिए समाज को तैयार किया जा सकता है। सौभाग्य से, 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020' में मजबूत अनुसंधान व नवीन अविष्कार आधार के इन सभी पक्षों को भलीभांति समेटा गया है, जिसका सार है कि, "यह सर्वविदित है कि ज्ञान सृजन एवं अनुसंधान एक वृहद व जोशीली अर्थव्यवस्था की वृद्धि व संधारण के लिए, समाज के विकास के लिए तथा एक देश को निरंतर उन्नति की ऊंचाईयां छूने के लिए प्रेरित करने के लिए आवश्यक केंद्र बिंदू होते हैं"... "आज के तेजी से बदलते वैश्विक परिदृश्य में अनुसंधान का एक मजबूत परितंत्र होना शायद सबसे महत्वपूर्ण है..."।

भारत को विश्व के राजनीतिक, आर्थिक एवं तकनीकी पर्यावरण में एक महत्वपूर्ण भागीदार के रुप में देखा जाता है अतः वैश्विक अर्थपूर्ण अनुसंधान में इसके अनुसंधान परिणामों का एक बड़ा भाग होने की आशा रखी जाती है। नए अनुसंधानकर्ता कई प्रतिमान परिवर्तन की ओर बढ़ रहे हैं तथा कोलोनियल तथ्यों व सिद्धांतों को चुनौती दे रहे हैं। साथ ही अब देश में अधिक महत्व अपने देश की सामाजिक-राजनैतिक एवं आर्थिक परिस्थितियों के आधार पर भारत की समस्याओं और चुनौतियों का विश्लेषण करने पर दिया जा रहा है ना कि बिना कोई प्रश्न किए पश्चिमी प्रिज्म व स्थितियों के आधार पर। ऐसे अनुसंधानकर्ता, विभिन्न विशिष्ट स्थानीय, सामुदायिक व राष्ट्रीय समस्याओं को सुलझाने व उनके निवारण हेतु नवीन सुझाव व समाधान देने के लिए ज्यादा सक्षम हैं।

सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के प्रकाशन के क्षेत्र में भारत विश्व के प्रथम पाँच देशों में आता है। भासाविअप, सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में विशिष्टता रखने वाले भारत के उच्च कोटि संस्थानों में से है। अनुसंधान में कुछ विषयों पर अधिक जोर दिया जाता है जैसे जलवायु परिवर्तन, स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरण प्रदूषण, कृषि भूमि व लाभ, जैवविविधता एवं परितंत्र, वैश्वीकरण एवं ऊर्जा उपयोग, वैश्वीकरण एवं जलवायु परिवर्तन आदि। वर्ष 2021 में विश्व भर में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान प्रकाशन के क्षेत्र में भासाविअप की 4.41% की भागीदारी रही, जिसकी बदौलत सामाजिक विज्ञान अनुसंधान प्रकाशन के क्षेत्र में भासाविअप विश्व में पांचवी श्रेणी पर पहुँच गया।

भासाविअप, भारत सरकार एवं अन्य अनुसंधान संस्थानों के सहयोग से भारत में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को अधिकतम प्रोत्साहन देने की आशा रखता है। अंतर्राष्ट्रीय स्तर (स्कोपस स्टेटिसटिक्स) पर भारत के सामाजिक विज्ञान अनुसंधान प्रकाशन की वृद्धि दर, वर्तमान तथा आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र में भारत की भूमिका का एक मजबूत संकेत देती है। साथ ही इसका संकेत 'टाईम हायर एजुकेशन' (टीएचई-द) 2023 से भी मिलता है जिसमें भारतीय विश्वविद्यालयों को विश्व के 300 उच्च कोटि संस्थानों में स्थान दिया गया है। इस क्षेत्र में अपनी इस नवीन भूमिका को समझते हुए भासाविअप ने इसके लिए कुछ बड़े कदम भी उठाए हैं। अब, वह अपने कार्यक्रमों तथा योजनाओं के परिमाण एवं अनुसंधान परिणामों की गुणवत्ता दोनों पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। वर्ष 2022-23 में भासाविअप द्वारा हजारों शोधार्थियों, संकायों एवं अनुसंधान संस्थानों को वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया जिससे देश में उच्च कोटि के सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को प्रोत्साहन व बढ़ावा दिया जा सके, जिसका ब्यौरा तालिका नंबर 1.1 में दिया गया है।

भासाविअप की संगठनात्मक सरंचना: भासाविअप की प्रमुख उच्चतम निर्णायक समिति जिसे हम परिषद् के रुप में जानते हैं उसमें कुल 26 सदस्य हैं, जिसमें भासाविअप के निदेशक व सदस्य सचिव, 17 सामाजिक वैज्ञानिक (गैर-पदेन सदस्य), 1 सहयोजित सदस्य तथा 6 पदेन सदस्य हैं जो भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करते हैं। शासकीय परिषद् के सभी सदस्यों की सूची परिशिष्ट-1 में दी गई है।

सदस्य सचिव, मुख्य कार्यकारी अधिकारी हैं जो भासाविअप सचिवालय के प्रमुख हैं जिसमें निदेशक, उप-निदेशक, सहायक निदेशक एवं अन्य अधिकारी सम्मिलित हैं। भासाविअप के अधिकारी अपने सामान्य कार्यालयीन कार्यों के साथ-साथ शोध-पत्रों, लेखों, संशोधित पुस्तकों के लेखों, पत्रिकाओं आदि में अपना योगदान देते रहते हैं, साथ ही इस प्रतिवेदित वर्ष में उन्होंने व्याख्यान भी दिए हैं।

परिषद् की तीन स्थायी समितियां हैं, अनुसंधान समिति (आरसी), अनुसंधान संस्थान समिति (आरआईसी) एवं योजना व प्रशासन समिति (पीएसी)। वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान भासाविअप द्वारा अनुसंधान समिति, अनुसंधान संस्थान समिति एवं योजना व प्रशासन समिति की नियमित बैठकें आयोजित की गईं जिससे विभिन्न विभागों का कार्य सुचारु रुप से चल सके।

यह भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (भासाविअप) की 54वीं वार्षिक रिपोर्ट है जिसमें परिषद् की 1 अप्रैल 2022 से लेकर 31 मार्च 2023 तक की गतिविधियों का ब्यौरा है।

तालिका 1.1
वर्ष 2022–23 एक नज़र में

क्रं सं.	कार्यक्रम/योजना/सेवा का नाम	लाभार्थियों की संख्या
1.	अनुसंधान परियोजनाएं (प्रदत्त) (वृहद एवं लघु)	412
2.	अनुसंधान परियोनाओं की प्राप्त अंतिम रिर्पोटें (गत वर्षों की)	79
3.	इंप्रेस के अंतर्गत प्राप्त अनुसंधान परियोजनाओं की अंतिम रिर्पोटें	100
4.	राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियां (प्रदत्त)	--
5.	वरिष्ठ अध्येतावृत्तियां (प्रदत्त)	29
6.	पोस्ट-डॉक्टरल अध्येतावृत्तियां (प्रदत्त)	185
7.	डॉक्टरल अध्येतावृत्तियां (प्रदत्त)	492
8.	अनुसंधान अध्येतावृत्तियों की अंतिम रिपोर्टें (गत वर्षों की)	625
9.	इंप्रेस परियोजनाओं के प्रकाशित अनुसंधान लेख तथा अध्येतावृत्ति रिपोर्टें	969
10.	अनुसंधान रिपोर्टों/ डॉक्टरल शोध-पत्र आदि हेतु प्रकाशन अनुदान	04
11.	सामाजिक विज्ञान अनुसंधान पत्रिकाओं के प्रकाशन हेतु तदर्थ अनुदान	32
12.	सामाजिक वैज्ञानिकों के व्यवसायिक संघों/संगठनों के रख-रखाव और विकास हेतु तदर्थ अनुदान	16
13.	पुस्तकालय एवं प्रलेखन सेवाएं (नैसडॉक से परामर्श लेने वाले कुल शोधार्थी)	3,673
14.	अंतर्राष्ट्रीय सहयोग कार्यकम अ) यात्रा अनुदान एवं विदेश में डेटा संग्रहण ब) संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं	 108 15
15.	अनुसंधान प्रणाली में प्रशिक्षण कोर्स एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम	68
16.	भारत में अंतर्राष्ट्रीय/राष्ट्रीय संगोष्ठियों एवं वेबीनार आयोजन के लिए स्वीकृत प्रस्ताव	597
17.	भासाविअप के अनुसंधान संस्थानों के अनुसंधान परिणाम (प्रकाशन) अ) पुस्तकें/रिपोर्टें ब) वर्किंग पेपर्स/ मोनोग्राफ्स स) शोध-पत्र	 75 159 376

2
अनुसंधान संवर्धन

सामाजिक विज्ञान में अनुसंधान को प्रोत्साहन देना भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (भासाअविप) की सबसे प्रमुख गतिविधि है। भासाविअप अपने विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं के द्वारा इसे सफल बनाने के लिए प्रयासरत है, जैसे संकायों की वृहद, लघु एवं सहयोगात्मक अनुसंधान परियोजनाओं को वित्तीय सहायता देना; शोधार्थियों व प्राध्यापकों को डॉक्टरल, पोस्ट-डॉक्टरल एवं राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियां प्रदान करना; सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के परिणामों के प्रसार हेतु संगोष्ठियों व सम्मेलनों को अनुदान देना; युवा अनुसंधानकर्ताओं एवं प्राध्यापकों के लिए प्रशिक्षण व क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का प्रायोजन करना; शोधार्थी एवं प्राध्यापकों को अंतर्राष्ट्रीय यात्राओं एवं डेटा संग्रहण अनुदान प्रदान करना; अन्य देशों में अपने समकक्ष संस्थाओं के साथ अनुसंधान के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहित करना; पुस्तकों व पत्रिकाओं को प्रकाशन अनुदान देना एवं सामाजिक विज्ञान से संबंधित व्यवसायिक समितियों एवं संगठनों को सरंचनात्मक अनुदान द्वारा मजबूत बनाना; सामाजिक विज्ञान के शोधार्थियों को पुस्तकालय, प्रलेखन, डेटा एवं ऑनलाईन साहित्य सेवा प्रदान करना आदि।

भासाविअप द्वारा सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में निम्नलिखित विस्तृत विषयों को चिन्हित किया गया है-

1) अर्थशास्त्र
2) समाजशास्त्र एवं सामाजिक मानवशास्त्र
3) राजनीति-शास्त्र/जन प्रशासन
4) अंतर्राष्ट्रीय अध्ययन
5) सामाजिक भूगोल एवं जनसंख्या अध्ययन
6) वाणिज्य एवं प्रबंधन
7) सामाजिक मनोविज्ञान
8) शिक्षा
9) सामाजिक भाषाई/सामाजिक सांस्कृतिक अध्ययन
10) विधि/अंतर्राष्ट्रीय विधि
11) राष्ट्रीय सुरक्षा एवं रणनीति अध्ययन
12) अन्य संबंधित सामाजिक विज्ञान विषयों जैसे पुस्तकालय विज्ञान, समाज कार्य, मीडिया अध्ययन, आधुनिक सामाजिक इतिहास, स्वास्थ्य अध्ययन, लिंग अध्ययन, पर्यावरणीय अध्ययन, प्रवासी अध्ययन, स्थान अध्ययन, संस्कृति सोसायटी एवं सांस्कृतिक अध्ययन आदि, जिससे अंतर्विषयी एवं बहुविषयी अध्ययन को प्रोत्साहन दिया जा सके।

अनुसंधान परियोजनाएं

व्यक्तिगत एवं संस्थानिक दोनों ही अनुसंधान परियोजनाएं सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को प्रोत्साहन देने का महत्वपूर्ण जरिया हैं। ये अनुसंधान परियोजनाएं सामाजिक विज्ञान के किसी भी विषय से संबंधित हो सकती हैं या फिर अंतरविषयी और बहुविषयी भी। कार्यक्रम के विशिष्ट उद्देश्य इस प्रकार हैं- क) उच्च गुणवत्ता वाले स्वतंत्र अनुसंधान कार्यक्रमों को सहायता देना; ख) भविष्य के शोधकर्ताओं को प्रशिक्षण के मौके देना; ग) नई सैद्धांतिक व प्रणालीगत पद्धतियों के विकास में योगदान देना; घ) विभिन्न विषयगत अनुसंधान गतिविधियों को सरंक्षण एवं गति देना; ङ) सामाजिक विज्ञान के शोधकर्ताओं के मध्य सहयोगात्मक, बहुविषयी व अंतरविषयी अनुसंधान गतिविधियों को पोषण व प्रोत्साहन देना।

भासाविअप, भारतीय अनुसंधानकर्ताओं को दो तरह की अनुसंधान परियोजनाएं प्रदान करता है- ए) वृहद एवं लघु अनुसंधान परियोजनाएं जिन्हें पहले अनुसंधान परियोजनाएं (प्रतिकियाशील) के रुप में जाना जाता था; बी) अनुसंधान कार्यक्रम जिन्हें पहले अनुसंधान परियोजना (प्रायोजित) के रुप में जाना जाता था।

वृहद एवं लघु अनुसंधान परियोजनाएं

वृहद एवं लघु परियोजनाएं वस्तुतः मांग के अनुरूप होती हैं। इस योजना के तहत भासाविअप शोधार्थियों को अपने इच्छित विषय पर अनुसंधान के लिए अनुदान प्रदान करता है। इस वर्ष स्वीकृत होकर शुरु होने वाली अनुसंधान परियोजनाओं तथा 31 मार्च 2023 तक प्राप्त होने वाली रिपोर्टों की स्थिति तालिका नं. 2.1 में उल्लेखित है।

तालिका नं. 2.1
वृहद एवं लघु अनुसंधान परियोजनाओं की स्थिति (प्रतिक्रियाशील)

वर्ष	प्रदत्त परियोजनाएं	रद्द/ समाप्त/ छोड़ी गईं	शुरु परियोजनाएं	प्राप्त अंतिम रिपोर्ट	लंबित रिपोर्टें/ क्रियाशील
अप्रैल 1969 से मार्च 1990 तक	2,023	225	1,798	1,798	-
1990-2010	1,426	98	1,328	1,328	-
2010-2011	185	07	178	178	-
2011-2012	365	10	355	351	04
2012-2013	289	03	286	285	01
2013-2014	187	05	182	180	02
2014-2015	333	21	312	310	02
2015-2016	326	22	304	288	18
2016-2017	470	17	453	405	48
2017-2018	356	02	354	262	92
2018-2019	04*	-	04	02	02
2019-2020	320	41	279	149	130
2020-2021	74	03	71	65	6
2021-2022	348	02	346	06	340
2022-2023	412	-	238		238 शोधार्थियों की पहली किस्त 31.3.2023 तक दे दी गई
कुल	**7,118**	**456**	**6,488**	**5,602**	**891**

* 249 इंप्रेस परियोजनाएं, जो पहले इस तालिका में थीं उन्हें हटाकर इंप्रेस अध्याय में दिखाया गया है।

अनुसंधान कार्यक्रम

अनुसंधान कार्यक्रम, एक साथ या शृंखलाबद्द तरीके से सामाजिक विज्ञान अनुसंधान एवं नीति में विशिष्टता तथा प्रधानता रखने वाले विषयों पर अनुसंधान अध्ययन की एक शृंखला है। समय-समय पर भासाविअप द्वारा चिन्हित इन अध्ययनों के स्वभाविक रुप से अंतर विषयी या बहुविषयी या अंतर-संस्थानिक होने की संभावना रहती है, जिससे सामाजिक विज्ञान की नई समस्याओं को बेहतर तरीके से समझने और सिद्धातों, प्रणाली, नवीन खोज एवं नीति परिणामों के अनुरुप गहरी समझ पैदा हो सके। हालांकि, उच्चतम परिणाम देने वाले ऐसे अध्ययन जो सरंचना में विस्तृत होते है किंतु एक ही विषय के क्षेत्र में आते हैं, उनका भी संज्ञान लिया जाता है।

अनुसंधान परियोजना (प्रायोजित) या अनुसंधान कार्यक्रम योजना का शुभारंभ 2011-12 में विभिन्न राज्यों में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अधिसूचित जनजातियों की शिक्षा स्थिति पर 'ऑल इंडिया रिपोर्ट' आने के साथ में किया गया था। 2011-12 से लेकर अब तक स्वीकृत कार्यक्रमों, रद्द/छोड़ी गईं/ समाप्त परियोजनाओं तथा 31 मार्च 2023 तक प्राप्त रिपोर्टों को तालिका 2.2 में दर्शाया गया है।

2022-23 के दौरान, 79 रिपोर्टें प्राप्त हुईं, इनमें से एक वर्ष 2011-12 की है। इन रिपोर्टों का ब्यौरा अनुबंध 3 में संदर्भित है।

नये स्वीकृत प्रोजेक्ट/परियोजनाएं

वर्तमान वर्ष 2022-23 के लिए, भासाविअप अनुसंधान परियोजनाओं हेतु भासाविअप की वेबसाईट पर 9 सितम्बर, 2022 को एक विज्ञापन द्वारा आवेदन (ऑनलाईन) आमंत्रित किए गए, जिसकी समय सीमा 9 अक्तूबर 2022 रखी गई थी, जिसे बाद में बढ़ाकर 17 अक्तूबर, 2022 कर दिया गया था। आखिरी तारीख तक, सचिवालय को 7,159 आवेदन प्राप्त हुए जिसमें से 3,018 प्रस्ताव का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन की प्रक्रिया को विशेषज्ञ के रुप में वरिष्ठ सामाजिक वैज्ञानिकों द्वारा संपन्न किया गया, जिसमें निरीक्षण, शॉर्टलिस्टिंग, समीक्षात्मक मूल्यांकन एवं संवाद सहित प्रस्तुतिकरण तथा बजट पर विस्तृत विचार-विमर्श आदि प्रक्रिया पूरी की गई।

तालिका 2.2
अनुसंधान कार्यक्रमों या परियोजनाओं की स्थिति (प्रायोजित)

वर्ष	प्रदत्त परियोजनाएं	रद्द/ समाप्त / छोड़ी गई	शुरु परियोजनाएं	प्राप्त अंतिम रिपोर्टें	लंबित रिपोर्टें/ जारी
2011-2012	27	-	27	27	-
अधिसूचित अध्ययन	04	-	04	04	-
2012-2013	43	01	42	42	-
2013-2014	75	10	65	65	-
2014-2015	61	03	58	58	-
2015-2016	73	-	73	71	02
2016-2017	32	-	32	32	-
2017-2018	73	03	70	63	09 (जारी)
2018-2019	-	-	-	-	-
2019-2020	47	01	46	03	43 (जारी)
2020-2021*	-	-	-	-	-
2021-2022	58	01	57	-	57 (जारी)
कुल	**493**	**19**	**474**	**365**	**111**

* महामारी के कारण लगे प्रतिबंधों की वजह से कोई नई परियोजना प्रदान नहीं की गई।

इस पूरी प्रक्रिया को करने के पश्चात, 195 वृहद एवं 217 लघु परियोजनाओं को मंजूरी दी गई। वर्ष 2022-23 की स्वीकृत परियोजनाओं का ब्यौरा परिशिष्ट-1 व 2 में दिया गया है। वर्ष 2022-23 की अनुसंधान परियोजनाओं के लिये कुल व्यय 1,700 लाख रुपये रहा। इस अनुदान में अनुसूचित जनजाति के अंतर्गत आवेदन पर हुआ व्यय शामिल नहीं है।

इसके अतिरिक्त, भासाविअप ने अपनी वेबसाईट पर 27 नवंबर 2022 को एक और विज्ञापन द्वारा वर्तमान वित्तीय वर्ष 2022-23 के लिए अनुसूचित जनजाति की संस्कृति, इतिहास व भूगोल पर विशिष्ट आवेदन आमंत्रित किए। शुरुआत में एक महीने का समय इन आवेदनों के लिए दिया गया परंतु सर्वर की समस्या एवं आवेदनकर्ताओं के अनुरोध पर समय सीमा को 15 जनवरी 2023 तक बढ़ाया गया। भासाविअप को अनुसूचित जनजाति की संस्कृति, इतिहास व भूगोल पर मांगे गए इन विशिष्ट आमंत्रणों के लिए 1,164 आवेदन/प्रस्ताव प्राप्त हुए, ये परियोजनाएं अभी जारी हैं।

अनुसंधान अध्येतावृत्तियां

युवा, वरिष्ठ एवं स्थापित सामाजिक विज्ञानियों को अनुसंधान एवं उनके चयनित महत्वपूर्ण विषय पर पूर्ण-कालिक अनुसंधान कार्य करने का अवसर देने हेतु, तथा अपने व्यवसाय में विभिन्न स्तरों पर कार्यरत शोधार्थियों को भासाविअप द्वारा चार प्रकार की अध्येतावृत्तियां– राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति, वरिष्ठ अध्येतावृत्ति, पोस्ट-डॉक्टरल अध्येतावृत्ति एवं डॉक्टरल अध्येतावृत्ति प्रदान की जाती हैं।

राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियां

राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति का लक्ष्य, प्रतिष्ठित भारतीय सामाजिक वैज्ञानिकों को ऐसे स्वयं चयनित विषयों पर जिनमें सामाजिक विज्ञान के ज्ञान की उन्नति की संभावनाएं हों, पूर्णकालिक अनुसंधान का अथवा अपने अनुसंधान के आधार पर पुस्तक लिखने का अवसर देना है। भासाविअप द्वारा अब तक 174 राष्ट्रीय अध्येतावत्तियां प्रदान की गईं हैं। इस वित्तीय वर्ष के दौरान पिछले वर्षों की 3 अंतिम रिपोर्टें प्राप्त की गई हैं। जिससे संबंधित जानकारी तालिका 2.3 में उल्लेखित है।

वरिष्ठ अध्येतावृत्तियां

वरिष्ठ अध्येतावृत्तियां, उत्कृष्ट भारतीय सामाजिक वैज्ञानिकों को उनके द्वारा प्रस्तावित राष्ट्रीय एवं सामाजिक समस्याओं या विषयों पर पूर्णकालिक अनुसंधान हेतु प्रदान की जाती हैं। इन अध्ययनों के

द्वारा विभिन्न विषयों में सैद्धांतिक व तथ्यात्मक विकास के योगदान की आशा रखी जाती है, ये फील्ड वर्क द्वारा प्रयोगसिद्ह डेटा प्राप्त करने में सहायक होते हैं और नीति निर्माण में सहायता करते हैं। भासाविअप द्वारा अब तक 854 वरिष्ठ अध्येतावृत्तियां प्रदान की गई हैं। इस वर्ष के दौरान 29 वरिष्ठ अध्येतावृत्तियां प्रदान की गईं तथा गत वर्षों की 27 अंतिम रिपोर्टें प्राप्त हुईं। इससे संबंधित जानकारी तालिका 2.4 में दी गई है।

पोस्ट–डॉक्टरल अध्येतावृत्तियां

पोस्ट–डॉक्टरल अध्येतावृत्तियां, उच्च संभावनाओं व पूर्णकालिक अनुसंधान के लिए प्रतिबद्ध युवा सामाजिक वैज्ञानिकों को, उनके द्वारा प्रस्तावित विषयों पर अनुसंधान हेतु दी जाती हैं। इन अध्ययनों के द्वारा विभिन्न विषयों में सैद्धांतिक व तथ्यात्मक विकास के योगदान की आशा रखी जाती है, ये फील्ड वर्क द्वारा प्रयोगसिद्ह डेटा प्राप्त करने में सहायक होते हैं और नीति निर्माण में सहायता करते हैं। भासाविअप द्वारा अब तक 3,002 पोस्ट–डॉक्टरल अध्येतावृत्तियां प्रदान की गई हैं। इस वर्ष के दौरान 185 पोस्ट–डॉक्टरल अध्येतावृत्तियां दी गईं तथा गत वर्षों की 185 अंतिम रिपोर्टें प्राप्त हुईं। इससे संबंधित जानकारी तालिका 2.5 में दी गयी है।

शोधार्थियों के सक्रिय योगदान हेतु भासाविअप शोधार्थियों को उनके अनुसंधान काल के दौरान उनके द्वारा चयनित विषय से संबंधित पाँच या तीन या कम से कम दो, अनुसंधान पेपर/लेख किसी प्रतिष्ठित पत्रिका में प्रकाशन की बाध्यता रखता है। वर्ष 2022–23 के दौरान शोधार्थियों के कुल 416 पेपर्स, अनुसंधान पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। इनमें से, 35 अनुसंधान पेपर स्कोपस इंडेक्स पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए, 76 यूजीसी में लिस्टेड पत्रिकाओं में तथा बचे हुए अनुसंधान पेपर, प्रतिष्ठित राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय पीयर रिव्यूड संदर्भित पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए।

तालिका 2.3
भासाविअप की राष्ट्रीय अध्येतावृत्ति की वर्ष अनुसार स्थिति (31.3.2023 तक)

वर्ष	प्रदत्त राष्ट्रीय अध्येतावृत्तियां	प्राप्त अंतिम रिपोर्टें	छोड़ी गईं/ रद्द/ समाप्त	लंबित रिपोर्टें/ जारी
1969-1990	41	34	07	-
1991-2010	60	54	06	-
2010-2011	06	05	01	-
2011-2012	04	04	-	-
2012-2013	13	10	03	-
2013-2014	17	14	02	01
2014-2015	12	09	02	01
2015-2016	10	09	-	01
2016-2017	-	-	-	-
2017-2018	-	-	-	-
2018-2019	07	05	01	01
2019-2020	04	04	-	-
2020-2021	-	-	-	-
2021-2022	-	-	-	-
2022-2023	-	-	-	-
कुल	**174**	**148**	**22**	**04**

तालिका 2.4
भासाविअप की वरिष्ठ अध्येतावृत्ति की वर्ष अनुसार स्थिति (31.3.2023 तक)

वर्ष	प्रदत्त वरिष्ठ अध्येतावृत्तियां	प्राप्त अंतिम रिपोर्टें	छोड़ी गईं/ रद्द/ समाप्त	लंबित रिपोर्टें/ जारी
1969-1990	256	226	30	-
1991-2010	187	154	33	-
2010-2011	18	16	02	-
2011-2012	14	13	01	-
2012-2013	40	33	07	-
2013-2014	34	31	03	-
2014-2015	35	27	06	02
2015-2016	47	35	10	02
2016-2017	34	30	2	02
2017-2018	36	36	-	00
2018-2019	49	21	-	28
2019-2020	45	18	01	26
2020-2021	-	-	-	-
2021-2022	30	-	-	30 (जारी)
2022-2023	29	-	02	26 (जारी)
कुल	**854**	**640**	**97**	**116**

तालिका 2.5
भासाविअप की पोस्ट–डॉक्टरल अध्येतावृत्तियों की वर्ष अनुसार स्थिति (31.3.2023 तक)

वर्ष	प्रदत्त पोस्ट-डॉक्टरल अध्येतावृत्तियां	प्राप्त अंतिम रिपोर्टें	छोड़ी गईं/ रद्द/ समाप्त	लंबित रिपोर्टें/ जारी
1969-1990	117	79	38	-
1991-2010	212	139	73	-
2010-2011	38	30	08	-
2011-2012	55	48	06	01
2012-2013	200	169	31	-
2013-2014	404	342	51	11
2014-2015	252	181	64	07
2015-2016	321	198	84	39
2016-2017	256	163	45	48
2017-2018	226	157	28	41
2018-2019	224	98	12	114
2019-2020	269	92	13	164
2020-2021	-	-	-	-
2021-2022	243	-	21	222 (जारी)
2022-2023	185	-	14	171 (जारी)
कुल	**3002**	**1696**	**488**	**818**

नये स्वीकृत प्रोजेक्ट/परियोजनाएं

वर्तमान वित्तीय वर्ष हेतु, भासाविअप द्वारा 28 जुलाई 2022 को भासाविअप की वेबसाईट पर एक विज्ञापन दिया गया, जिसमें वर्ष 2022–2023 के लिए वरिष्ठ एवं पोस्ट–डॉक्टरल अध्येतावृत्तियों के लिए ऑनलाईन प्रस्ताव आमंत्रित किए गए, जिसकी समय सीमा 27 अगस्त 2022 रखी गई थी जिसे बढ़ाकर 29 अगस्त 2022 किया गया था। निर्धारित समय सीमा तक सचिवालय को वरिष्ठ अध्येतावृत्ति हेतु 181 एवं पोस्ट–डॉक्टरल अध्येतावृत्ति हेतु 1,269 प्रस्ताव प्राप्त हुए। भासाविअप ने वरिष्ठ सामाजिक वैज्ञानिक विशेषज्ञों द्वारा कठिन मूल्यांकन की प्रक्रिया संपन्न की, जिसमें निरीक्षण, शॉर्टलिस्टिंग, समीक्षात्मक मूल्यांकन एवं संवाद सहित प्रस्तुतिकरण सम्मिलित थे। इस प्रक्रिया को पूर्ण करने के पश्चात 29 वरिष्ठ एवं 185 पोस्ट–डॉक्टरल अध्येतावृत्तियां प्रदान की गईं। प्रतिवेदित वर्ष के दौरान दी गईं वरिष्ठ एवं पोस्ट–डॉक्टरल अध्येतावृत्तियों का संपूर्ण ब्यौरा परिशिष्ट–4 में दिया गया है।

वर्ष 2022–23 के दौरान, राष्ट्रीय, वरिष्ठ, पोस्ट–डॉक्टरल अध्येतावृत्ति योजना पर कुल व्यय 1,548.43 लाख रुपये था। (सामान्य - 1,194.54 लाख, अनु.जाति – 259.75 लाख, अनु.जनजाति 94.14 लाख रुपये अध्येतावृत्तियों पर का व्यय किया गया।

डॉक्टरल अध्येतावृत्तियां

भासाविअप द्वारा डॉक्टरल अध्येतावृत्तियां, चुने हुए पंजीकृत पीएच.डी. शोधार्थियों को सामाजिक विज्ञान विषयों में अपने डॉक्टरल शोध–प्रबंध को पूर्ण करने हेतु प्रदान की जाती हैं। इसका मुख्य लक्ष्य शोधार्थियों को वित्तीय सहयोग देना है जिससे वह अपने अनुसंधान कार्य को पूरा समय दे सकें और अपने शोध–प्रबंध तथा प्रकाशन के रुप में गुणवत्ता पूर्ण अनुसंधान परिणाम प्रदान कर सकें।

भासाविअप अपनी 'केन्द्र प्रशासित अध्येतावृत्ति योजना' एवं 'संस्थानिक डॉक्टरल अध्येतावृत्ति योजना' के माध्यम से, निर्धारित दिशानिर्देशों के अनुसार डॉक्टरल अध्येतावृत्तियां प्रदान करता रहा है। केंद्र प्रशासित योजना के तहत, भासाविअप द्वारा अध्येतावृत्ति प्रदान भी की जाती है और सीधे तौर पर उसका निरीक्षण भी किया जाता है, तथा शोधकर्ता किसी विश्वविद्यालय अथवा महाविद्यालय से संबंधित रहता है। संस्थानिक अध्येतावृत्ति योजना के तहत शोधकर्ता भासाविअप द्वारा प्रायोजित/मान्यता प्राप्त अनुसंधान संस्थान से संबद्ध तथा उनके निरीक्षण में रहता है। केंद्र प्रशासित डॉक्टरल अध्येतावृत्तियों के लिए भासाविअप द्वारा आवेदन मांगे जाते हैं, और विशेषज्ञ समिति द्वारा समीक्षा एवं निरीक्षण के पश्चात अध्येतावृत्तियां प्रदान की जाती हैं। संस्थानिक डॉक्टरल अध्येतावृत्तियों हेतु आवेदन संबंधित अनुसंधान संस्थान द्वारा लिए जाते हैं, शुरुआती जाँच–परख के पश्चात्, चुने हुए आवेदकों को मूल्यांकन एवं अध्येतावृत्ति पाने हेतु, भासाविअप के विशेषज्ञों के पास भेजा जाता है। संस्थानिक डॉक्टरल अध्येतावृत्ति का निर्धारित कार्यकाल दो वर्ष या शोधकर्ता के विश्वविद्यालय में शोध–प्रबंध जमा करने (जो भी पहले हो जाए) तक होता है।

भासाविअप के केंद्र–प्रशासित डॉक्टरल अध्येतावृत्ति कार्यक्रम में, निम्नलिखित तीन तरह की योजनाएं होती हैं—

1. पूर्णकालिक डॉक्टरल अध्येतावृत्ति, जिसे दो वर्ष के लिए प्रदान किया जाता है या फिर जब तक शोधकर्ता विश्वविद्यालय में अपना शोध–प्रबंध जमा करे, जो भी पहले हो;
2. अल्पकालिक डॉक्टरल अध्येतावृत्ति, जिसे 6 महीने के लिए उन शोधार्थियों को दिया जाता है जो अपने अनुसंधान कार्य के अंतिम चरण में होते हैं;
3. आकस्मिक अनुदान, एक समेकित अनुदान है जो प्रबंध–कार्य पर होने वाले व्यय में सहायता हेतु उन शोधार्थियों को दिया जाता है जिन्हें किसी तरह का आकस्मिक अनुदान प्राप्त नहीं हुआ हो।

डॉक्टरल अध्येतावृत्तियां (प्रदत्त), 2022–23

भासाविअप द्वारा अपनी केंद्र–प्रशासित डॉक्टरल अध्येतावृत्तियों के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित करने हेतु, 9 जून 2022 को अपनी वेबसाईट पर एक विज्ञापन दिया गया था, साथ ही संस्थानों को भी आवेदन आमंत्रित करने के निर्देश दिए गए थे। इसकी प्रतिक्रिया स्वरुप, केंद्र–प्रशासित डॉक्टरल अध्येतावृत्तियों के लिए 2,418 आवेदन प्राप्त हुए, जिसमें से 2,314 ऑनलाईन आवेदन प्राप्त हुए एवं 104 आवेदन, 15 भासाविअप संस्थानों द्वारा प्राप्त हुए। अंततः 2,244 आवेदकों के अनुसंधान प्रस्तावों को विशेषज्ञ समिति द्वारा मूल्यांकन की मंजूरी मिली, (2,038 केंद्र–प्रशासित पूर्ण–कालिक अध्येतावृत्तियों, 99 अल्पकालिक अध्येतावृत्तियों, 13 आकस्मिक अनुदान एवं 94 संस्थानिक अध्येतावृत्तियों के लिए)। इन 2,244 अनुसंधान प्रस्तावों के परीक्षण के लिए 40 सदस्यों की एक विशेषज्ञ समिति का गठन किया गया। जिसके पश्चात, भासाविअप द्वारा, 492 अस्थायी पूर्णकालिक डॉक्टरल अध्येतावृत्तियां प्रदान की गईं, जिसमें से 461 केंद्र–प्रशासित एवं 31 संस्थानिक डॉक्टरल अध्येतावृत्ति योजना के तहत प्रदान की गईं। इन 461 केंद्र–प्रशासित अध्येतावृत्तियों में से 357 सामान्य, 69 अनुसूचित जाति एवं 35 अनुसूचित जनजाति श्रेणी में आती हैं।

संस्थानिक अध्येतावृत्तियों के लिए 15 अनुसंधान संस्थानों से प्राप्त 104 आवेदनों एवं 31 प्रदत्त अध्येतावृत्तियों की संस्थानगत संपूर्ण जानकारी तालिका 2.6 में दी गई है।

तालिका 2.6
भासाविअप संस्थानों द्वारा प्रदत्त संस्थानिक डॉक्टरल अध्येतावृत्तियां (2022–23)

क्रमांक	संस्थान का नाम	प्राप्त आवेदन	प्रदत्त अध्येतावृत्तियां					
			सा.	अनु.जा.	अनु.ज.जा.	कुल	पुरुष	महिला
1.	एएनएसआईएसएस, पटना	09	02	00	-	02	01	01
2.	सीडीएस, तिरुवनंथपुरम	02	01	-	-	01	01	-
3.	सीईएसएस, हैदराबाद	10	03	-	01	04	01	03
4.	सीएमडीआर, धारवाड़	08	-	-	-	-	-	-
5.	सीआरआरआईडी, चंडीगढ़	03	01	-	-	01	-	01
6.	सीएसडीएस, दिल्ली	04	03	-	-	03	02	01
7.	सीड्ब्ल्यूडीएस, दिल्ली	09	03	01	-	04	02	02
8.	आईजी, दिल्ली	04	01	-	-	01	-	01
9.	आईपीई, हैदराबाद	31	09	01	-	10	03	07
10.	आईएसईसी, बैंगलुरु	12	01	01	01	03	02	01
11.	आईएसआईडी, दिल्ली	03	-	-	-	-	-	-
12.	एमआईडीएस, चैन्नई	01	-	-	-	-	-	-
13.	एमपीआईएसएसआर, उज्जैन	03	-	01	-	01	01	-
14.	एनकेसी, भुवनेश्वर	01	-	01	-	01	-	01
15.	एसपीआईईएसआर, अहमदाबाद	04	-	-	-	-	-	-
	कुल	**104**	**24**	**05**	**02**	**31**	**13**	**18**

2022–23 में प्राप्त पीएच.डी. शोध–प्रबंध एवं प्रकाशन

वर्ष 2022-2023 के दौरान, 410 भासाविअप डॉक्टरल शोधार्थियों द्वारा शोध-प्रबंध प्रस्तुत किए गए, जिसमें से 33 शोध-प्रबंध संस्थानिक अध्येतावृत्तियां प्राप्त शोधार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए, इससे संबंधित लिस्ट परिशिष्ट-4 में देखी जा सकती है। कुल मिलाकर, भासाविअप को 3,941 पीएच.डी. शोध-प्रबंध प्राप्त हुए जिनमें 2022-23 में प्राप्त 410 शोध-प्रबंध भी शामिल हैं।

भासाविअप को वर्ष 2022-23 तक प्राप्त पूर्णकालिक डॉक्टरल अध्येतावृत्तियां, शोधार्थियो द्वारा वापिस ली गईं, प्रदत्त अध्येतावृत्तियां एवं भासाविअप के शोधकर्ताओं से प्राप्त शोध-प्रबंधों का वर्ष अनुसार ब्यौरा, तालिका 2.7 में दिया गया है।

भासाविअप द्वारा अग्र सक्रियता दिखाते हुए, 2019-20 एवं 2021-22 के बैच में अध्येतावृत्ति प्राप्त करने वाले शोधार्थियों से उनके द्वारा प्रकाशित लेखों की जानकारी ली गई, जिसके फलस्वरुप उसे 547 अनुसंधान पेपर प्राप्त हुए – जिसमें से 403 पेपर, पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए एवं 144 संपादित पुस्तकों में प्रकाशित किए गए थे। पत्रिकाओं में प्रकाशित 403 पेपरों में से, 47 पेपर स्कोपस इंडेक्स पत्रिकाओं में एवं 128 यूजीसी-केयर लिस्टेड पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए, 185 पेपर अंतर्राष्ट्रीय तथा 218 राष्ट्रीय पत्रिकाओं में प्रकाशित हुए। स्कोपस इंडेक्स्ड पत्रिकाओं में प्रकाशित 47 एवं यूजीसी-केयर लिस्टेड पत्रिकाओं में प्रकाशित 128 पेपर की सिलसिलेवार सूची, परिशिष्ट-4 में दी गई है।

भासाविअप की डॉक्टरल अध्येतावृत्तियों की स्थिति

भासाविअप द्वारा 1971 से अब तक 7,525 पूर्णकालिक डॉक्टरल अध्येतावृत्तियां प्रदान की गई हैं। इनमें से 6,541 शोधार्थियों ने अध्येतावृत्ति अनुदान का लाभ लिया है। केंद्र-प्रशासित एवं संस्थानिक दोनों पूर्णकालिक योजनाओं के अतिरिक्त, 67 आवेदकों को भासाविअप की अल्पकालिक अध्येतावृत्ति एवं 8 आवेदकों को आकस्मिक अनुदान प्रदान किया गए। वर्ष 2022-23 के दौरान, भासाविअप द्वारा अपनी चारों योजनाओं के माध्यम से कुल मिलाकर 567 डॉक्टरल अध्येतावृत्तियां प्रदान की गईं, जिस पर कुल 2,742.60 लाख रुपये के व्यय का आश्वासन किया गया है।

तालिका 2.7
भासाविअप की डॉक्टरल अध्येतावृत्तियों की वर्ष अनुसार स्थिति (31.3.2023 तक)

प्रदान करने का वर्ष	प्रदत्त पूर्णकालिक डॉक्टरल अध्येतावृत्तियां	रद्द/ छोड़ी गई/ समाप्त	प्राप्त डॉक्टरल शोध-प्रबंध	लंबित/ जारी रिपोर्टें
1971-2003	1,357	434	923	-
2003-2004	89	08	81	-
2004-2005	94	02	92	-
2005-2006	28	03	25	-
2006-2007	80	11	69	-
2007-2008	102	08	94	-
2008-2009	96	07	89	-
2009-2010	77	12	65	-
2010-2011	99	08	91	-
2011-2012	131	16	71	44
2012-2013	498	43	318	137
2013-2014	545	40	353	152
2014-2015	765	92	484	189
2015-2016	574	63	347	164
2016-2017	496	51	314	131
2017-2018	484	57	246	181
2018-2019	505	19	174	312
2019-2020	495	11	96	388
2020-2021*	-	-	-	-
2021-2022	518	45	09	464
2022-2023	492	54	-	438
कुल	**7,525**	**984**	**3,941**	**2,600**

*कोविड 19 की महामारी में लगे प्रतिबंधों के कारण 2020-21 के दौरान कोई चयन नहीं किया गया।

राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/सम्मेलन

सामाजिक विज्ञान के महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श को प्रोत्साहन देने हेतु भारत में संगोष्ठियों व सम्मेलनों को प्रायोजित/वित्त पोषित करना भासाविअप की प्रमुख गतिविधियों में से एक है। ये सम्मेलन अनुसंधानकर्ताओं एवं शिक्षाविदों को, अपने विचार व शोध परिणामों के आदान-प्रदान, नीति संदर्भित समस्याओं के संबंध में प्रमुख शोध प्रश्नो पर विचार-विमर्श तथा महत्वपूर्ण सामाजिक समस्याओं पर शिक्षा अनुसंधान रिपोर्टें तैयार करने के अवसर प्रदान करते हैं। हालांकि, परिषद द्वारा स्वयं भी कुछ संगोष्ठियां आयोजित की जाती हैं, परंतु परिषद का अधिकतम सहयोग, शिक्षा संस्थानों द्वारा आयोजित राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन/संगोष्ठियों के लिए आंशिक वित्तीय सहायता के रुप में होता है।

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, भासाविअप को संपूर्ण भारत वर्ष से राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/सम्मेलन आयोजित करने के 557 प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिनमें से विशेषज्ञ समिति द्वारा 317 प्रस्तावों को वित्तीय सहायता देने का निर्णय लिया गया। इनमें 73 अंतर्राष्ट्रीय एवं 244 राष्ट्रीय सम्मेलन के प्रस्ताव थे, जिसमें कुल व्यय (एकेएएम सहित) 916.15 लाख रुपये का था। मंजूर किए गए सम्मेलनों की सूची परिशिष्ट-5 में देखी जा सकती है। इसके अतिरिक्त, भासाविअप की स्थापना से लेकर अब तक परिषद द्वारा प्रायोजित सम्मेलनों का ब्यौरा तालिका 2.8 में दिया गया है।

तालिका 2.8
राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी/सम्मेलन
(प्रायोजित/वित्त पोषित)

वर्ष	राष्ट्रीय सम्मेलन/संगोष्ठी	अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन/संगोष्ठी
1971-1990	297	24
1990-2010	1,400	161
2010-2011	81	15
2011-2012	82	59
2012-2013	249	108
2013-2014	270	130
2014-2015	347	133
2015-2016	462	149
2016-2017	277	79
2017-2018	217	87
2018-2019	235	91
2019-2020	227	94
2020-2021	18	02
2021-2022	196	30
2022-2023	524*	73
कुल	**4,882**	**1,235**

*'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के तहत आयोजित 280 संगोष्ठी/सम्मेलन भी शामिल हैं।

'आजादी का अमृत महोत्सव' विषय के अंतर्गत संगोष्ठी/कार्यशालाएं

'आजादी का अमृत महोत्सव' एक पहल है, प्रगतिशील स्वतंत्र भारत के 75 साल एवं इसके नागरिकों के इतिहास, संस्कृति व उपलब्धियों को मान देने व उसका उत्सव मनाने की। ये महोत्सव भारत के उन लोगों को समर्पित है जिन्होंने भारत को उसकी इस प्रगतिशील यात्रा तक लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। भारत के लोगों में वो शक्ति और क्षमता भी है जो आत्मनिर्भर भारत की भावना से भरे भारत 2.0 को सक्रिय कर सकते हैं।

'आजादी का अमृत महोत्सव' ऐसी हर प्रगतिशील चीज का प्रतीक है जो भारत की सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनैतिक तथा आर्थिक पहचान है। इस उत्सव के केंद्र बिंदुओं में से प्रमुख है, भारत के स्वतंत्रता संग्राम में अमूल्य योगदान रखने वाले ऐसे गुमनाम नायकों, कम जाने गए लोगों व स्थानों के बारे में प्रलेखन करना। इसकी शुरुआत 12 मार्च 2021 को 75 सप्ताह की गिनती के साथ हुई थी जो इस वर्ष की स्वातंत्र्य वर्षगाँठ 15 अगस्त 2023 को समाप्त होगी।

'आजादी के अमृत महोत्सव' के विषय

1. स्वतंत्रता संग्राम
2. विचार@75
3. संकल्प@75
4. कार्य@75
5. उपलब्धियां@75

वित्तीय वर्ष 2022-23 के दौरान, भासाविअप को संपूर्ण भारत से संगोष्ठियां/सम्मेलन आयोजित करने के 491 प्रस्ताव प्राप्त हुए जिनमें से विशेषज्ञ समिति द्वारा 280 प्रस्तावों को वित्तीय सहयोग के लिए चुना गया। 'आजादी का अमृत महोत्सव' विषय के अंतर्गत अनुशंसित राष्ट्रीय संगोष्ठियों के प्रस्तावों की लिस्ट को परिशिष्ट-5 में देखा जा सकता है।

भासाविअप द्वारा आयोजित

53वां फाउंडेशन डे व्याख्यान

भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद ने 12 मई 2022 को अपना 53वां फाउंडेशन डे मनाया। इस शुभ दिन को स्मरणीय बनाने के लिए भासाविअप द्वारा, 1 जून 2022 को इंडिया इंटरनेशनल सेंटर (आईआईसी), नई दिल्ली, में एक फाउंडेशन डे व्याख्यान का आयोजन किया गया। ये व्याख्यान, श्री अमरजीत सिन्हा, आईईएस (सेवानिवृत्त) एवं भारत के प्रधानमंत्री के पूर्व सलाहकार, द्वारा ***'ब्रिजिंग द लास्ट माईल इन प्रो-पूअर पब्लिक वेलफेयर'*** विषय पर दिया गया। इस कार्यक्रम में प्रतिष्ठित विद्वान, नीति निर्माता, भासाविअप के पूर्व सभापति एवं सदस्य सचिव तथा शिक्षा जगत व अनुसंधान संस्थानों के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। व्याख्यान को सभी उपस्थित लोगों ने सराहा तथा व्याख्यान के विशेष लेख के रुप में हिंदी तथा अंग्रेजी दोनों में प्रकाशन की प्रक्रिया चल रही है।

राष्ट्रीय विचार-गोष्ठी

भासाविअप द्वारा, भासाविअप के सभागार में 14 से 15 मई 2022 को ***'चैलेंज इन अंडरस्टैंडिंग'*** विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय विचार-गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस विचार-गोष्ठी में निम्नलिखित उपविषयों पर विचार-विमर्श किया गया—

1. पाठ्यपुस्तकों द्वारा अर्थशास्त्र समझना- एक समालोचना
2. भारतीय आर्थिक विचार/ प्रतिमान
3. भारतीय अर्थतंत्र एवं आधुनिक अर्थशास्त्र व अर्थतंत्र पर इसके प्रभाव
4. भारत की प्रगति क्षमता
5. धारणीय विकास
6. वृहद वैश्विक आर्थिक अनुभव

विचार-गोष्ठी में इन सभी विषयों पर, समूह में शामिल सभी प्रमुख भागीदारों अनुसंधानकर्तो, नीति निर्माताओं एवं सामाजिक

विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञों द्वारा चर्चा की गई जिससे अर्थशास्त्र ज्ञान में आने वाली चुनौतियों पर विचार प्रस्तुत किये जा सकें। इस विचार-गोष्ठी में 60 से 65 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। 12 मुख्य वक्ताओं ने विचार-गोष्ठी में विचार-विमर्श हेतु अपने पेपर प्रस्तुत किए।

भासाविअप की 'आजादी का अमृत महोत्सव (एकेएएम) व्याख्यानमाला'

भारतीय स्वतंत्रता के 75 वर्ष पूर्ण करने के उत्सव के भागीदार के रुप में आजादी के अमृत महोत्सव (एकेएएम) के अंतर्गत स्वतंत्र भारत की उपलब्धियों की समीक्षा एवं सामाजिक, आर्थिक, विज्ञान एवं तकनीकी उद्यम आदि विभिन्न क्षेत्रों में भविष्य की संभावनाओं विषय पर भासाविअप द्वारा एक व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया, ये अपने क्षेत्र के प्रतिष्ठित विद्वानों द्वारा दिए गये। इस वित्तीय वर्ष के दौरान भासाविअप द्वारा निम्नलिखित 6 व्याख्यान आयोजित किए गये—

- इस शृंखला में प्रथम व्याख्यान, प्रो. के. राघवन, पूर्व प्रमुख वैज्ञानिक सलाहकार, द्वारा 4 जुलाई 2022 को 'सेवेंटी फाईव इयर्स ऑफ साईंस इन इंडिया एंड द प्रॉसपेक्ट्स फॉर द नेक्स्ट डिकेड' विषय पर दिया गया।
- द्वितीय व्याख्यान, श्री आर. सुब्रमण्यम, सचिव, सामाजिक न्याय एवं सशक्तिकरण मंत्रालय, द्वारा 22 अगस्त 2022 को 'इंडियाज़ एक्सपीरियेंस विद एन्श्योरिंग सोशल जस्टिस एंड इनक्लूसिवनेस एंड द वे अहैड' विषय पर दिया गया।
- तीसरा व्याख्यान, प्रो. रमेश चंद, सदस्य, नीति आयोग, द्वारा 9 सितम्बर 2022 को 'द स्टोरी ऑफ इंडियन एग्रीकल्चर इन द 75 इयर्स ऑफ इंडिपेंडेन्स एंड द प्लान्स फॉर अमृत काल' विषय पर दिया गया।
- चौथा व्याख्यान, प्रो. के. राधाकृष्णन, सदस्य, स्पेस कमीशन द्वारा 12 दिसम्बर 2022 को '60 इयर्स ऑफ इंडियन स्पेस प्रोग्राम एंड द प्रोसपेक्ट्स फॉर द नेक्स्ट 10 इयर्स' विषय पर दिया गया।
- पाँचवा व्याख्यान, श्री किरण कार्णिक, भूतपूर्व अध्यक्ष, नैसकॉम द्वारा 27 दिसंबर 2022, को 'अचीवमेंट्स ऑफ इंडिपेंडेन्ट इंडिया इन इन्फोर्मेशन टैक्नोलॉजी एंड प्रॉसपेक्ट्स फॉर द अमृत काल' विषय पर दिया गया।
- छठवां व्याख्यान, डॉ. अनिल काकोदकर, भूतपूर्व सभापति, एटॉमिक एनर्जी कमीशन द्वारा 3 फरवरी 2023, को 'एटोमिक एनर्जी इन इंडिया- द अचीवमेंट्स ऑफ द लास्ट 75 इयर्स एंड द प्रॉसपेक्ट्स फॉर द अमृत काल' विषय पर दिया गया।

जनजातीय गौरव दिवस

भारत सरकार ने 15 नवंबर (भगवान बिरसा मुंडा की जन्मतिथि) को जनजातीय गौरव दिवस घोषित किया है। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद (भासाविअप) द्वारा 15 नवंबर 2022 को संध्या 4 बजे, भासाविअप सभागार, नई दिल्ली में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री हर्ष चौहान, सभापति, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, नई दिल्ली थे। इस मौके पर उन्होंने स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों के योगदान विषय पर अपनी बात रखी। इस कार्यक्रम में दिल्ली के अनुसंधान संस्थानों से आए प्रतिभागी, भासाविअप के परिषद सदस्यों एवं विभिन्न विश्वविद्यालयों से आए शोधार्थियों व प्राध्यापकों आदि ने भाग लिया।

प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम

सामाजिक विज्ञान में उच्च गुणवत्ता वाले अनुसंधान की आधारभूत आवश्यकता होती है, अनुसंधान कार्य की कला एवं विज्ञान में प्रशिक्षण। सामाजिक विज्ञान अनुसंधान का दार्शनिक आधार तो सामाजिक विज्ञान के सभी विषयों में एक सा रहता है, परंतु भिन्न-भिन्न विषयों ने अनुसंधान के अपने सैद्धांतिक ढांचे और विषयगत तकनीकें विकसित की हैं। हालांकि बहुविषयी या अंतरविषयी अनुसंधान करने वाले शोधार्थियों को अपने विषय, जिसमें उन्होंने प्रशिक्षण लिया है से हटकर अन्य विषयों के लिए उपयोग में लाई जाने वाली अनुसंधान प्रणालियों का भी अध्ययन करना चाहिए। वैसे भी अनुसंधान समस्या की पहचान कर लेने के स्तर से लेकर प्रणाली तक, और फिर अंततः अनुसंधान परिणामों की रिपोर्टिंग और विश्लेषण और साथ ही उन परिणामों के प्रकाशन तक, ऐसे कई पहलू हैं जिसमें एक अच्छे अनुसंधानकर्ता को अपने कौशल को बेहतर बनाना होगा। इसलिए, भासाविअप विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं अनुसंधान संस्थानो में अनुसंधान प्रणाली प्रशिक्षण एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को प्रायोजित व वित्तीय सहयोग प्रदान करता है।

भासाविअप, सामाजिक विज्ञान के विभिन्न विषयों में युवा अनुसंधानकर्ताओं एवं विभागीय सदस्यों के लिए अनुसंधान प्रणाली एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित करने हेतु, सामाजिक विज्ञान संकायों को अनुदान प्रदान करता है, जिसमें बहुविषयी क्षेत्र व अनुसंधान उपकरण भी शामिल हो सकते हैं। इस कार्यक्रम को निम्नलिखित दो श्रेणियों में बांटा गया है।

ए) अनुसंधान प्रणाली कोर्स (आरएमसी)

इस कोर्स का लक्ष्य पीडीएफ/पीएच.डी./एम.फिल. के शोधार्थियों के प्रणाली व लेखन के कौशल को बढ़ाना और उनके भविष्य के सामाजिक विज्ञान शिक्षक व अनुसंधानकर्ता बनने की संभावना को विकसित करना है।

बी) क्षमता निर्माण कार्यक्रम (सीबीपी)

इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक विज्ञान के युवा प्राध्यापकों विशेष रुप से सहायक प्रोफेसरों को उनके विषय

में हुए नवीन विकासों के अवगत कराना तथा उनके प्रणाली व लेखन के कौशल की क्षमता को बढ़ाना है।

1971 में जब इस कार्यक्रम को पहली बार तैयार किया गया था, तब से वर्तमान में 2022-23 तक, भासाविअप द्वारा 1,167 अनुसंधान प्रणाली एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रम का प्रायोजन किया गया है। इस प्रतिवेदित वर्ष मे, भासाविअप को कुल 110 अनुसंधान प्रणाली कोर्स व क्षमता निर्माण कार्यक्रम (आरएमसी-56 एवं सीबीपी-54) के प्रस्ताव प्राप्त हुए, जिन्हें विशेषज्ञ समिति के समक्ष आकलन हेतु प्रस्तुत किया गया।

समितियों द्वारा 68 प्रस्तावों (32 अनुसंधान प्रणाली कोर्स एवं 36 क्षमता निर्माण कार्यक्रम) को कुल 338.35 लाख रुपए के व्यय के साथ मंजूरी दी गई। इस वर्ष मंजूर हुए अनुसंधान प्रणाली कोर्स एवं क्षमता निर्माण कार्यक्रमों की लिस्ट को परिशिष्ट-6 में देखा जा सकता है।

भासाविअप द्वारा आयोजित/वित्त सहयोग दिए गए आरएमसी एवं सीबीपी कोर्सों का वर्ष अनुसार ब्यौरा तालिका 2.9 में दिया गया है।

तालिका 2.9
आरएमसी एवं सीबीपी का वर्ष अनुसार स्थिति
(31.3.2023 तक)

वर्ष	अनुसंधान प्रणाली कोर्स	क्षमता निर्माण कार्यक्रम	कुल
1971 -1990	119	-	119
1990-2010	235	-	235
2010-2011	10	-	10
2011-2012	17	-	17
2012-2013	108	38	146
2013-2014	53	18	71
2014-2015	55	24	79
2015-2016	79	23	102
2016-2017	36	23	59
2017-2018	29	23	52
2018-2019	47	25	72
2019-2020	47	20	67
2020-2021	09	06	15
2021-2022	31	24	55
2022-2023	32	36	68
कुल	**907**	**260**	**1,167**

भविष्य दृष्टिकोण

युवा शोधार्थियों को अनुसंधान लेखन, डेटा क्रियान्वयन एवं कम्प्यूटर एप्लीकेशन में उच्चतम केंद्रित प्रशिक्षण देने के लिए दस दिवसीय आरएमसी एवं दो सप्ताह के सीबीपी कोर्स के अतिरिक्त, अल्पकालिक प्रशिक्षण कोर्स को शुरु किया गया है, जो कम दिनों का तथा कम वित्तीय सहायता से संभव है।

अनुसंधान सर्वेक्षण एवं प्रकाशन

अनुसंधान सर्वेक्षण एवं प्रकाशन कार्यक्रम, भासाविअप की प्रमुख गतिविधियों में से एक है, जिसके माध्यम से वह परिषद के महत्वपूर्ण आंतरिक एवं बाह्य अनुसंधान परिणामों का प्रसार करता है। अपने प्रकाशन कार्यक्रम के माध्यम से परिषद द्वारा ए) भारतीय नागरिकों को सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में डॉक्टरल शोध-प्रबंध, परियोजना/अध्येतावृत्ति रिपोर्टों, मोनोग्राफ्स एवं संगोष्ठी/ कार्यशालाओं के लेखों तथा बी) सामाजिक वैज्ञानिकों के व्यवसायिक समितियों/संगठनों, जिसमें विश्वविद्यालय, महाविद्यालय एवं अनुसंधान संस्थान शामिल हैं, को सामाजिक विज्ञान की पत्रिकाओं को जारी रखने और प्रकाशन हेतु अनुदान प्रदान किया जाता है। परिषद, सामाजिक वैज्ञानिकों के व्यवसायिक समितियों/संगठनों उनकी रख-रखाव व विकास गतिविधियों हेतु तदर्थ अनुदान प्रदान करता है। अभी तक, भासाविअप ने 1,889 पुस्तकों का प्रकाशन किया है, 1,107 समितियों/संगठनों को उनकी अनुसंधान पत्रिकाओं के प्रकाशन के लिए सहायता प्रदान की है तथा 412 समितियों/संगठनों को उनके रख-रखाव व विकास गतिविधियों के लिए तदर्थ अनुदान प्रदान किया है। वर्ष 2022-23 में, भासाविअप के अनुदान की सहायता से 04 डॉक्टरल शोध-प्रबंध व अनुसंधान रिपोर्टों का प्रकाशन किया गया। ऐसे ही, सामाजिक वैज्ञानिकों के 32 व्यवसायिक समितियों/संगठनों ने अपनी अनुसंधान पत्रिकाओं के प्रकाशन हेतु भासाविअप से 30.50 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त किया एवं 16 समितियों/संगठनों को अपने रख-रखाव व विकास गतिविधियों हेतु 47.75 लाख रुपये का अनुदान प्राप्त हुआ।

प्रकाशित पुस्तकों, रख-रखाव व विकास गतिविधियों हेतु व्यवसायिक समितियों/संगठनों को दिये गए अनुदान और अनुसंधान पत्रिकाओं के प्रकाशन हेतु दिये गए अनुदान का ब्यौरा परिशिष्ट-7 एवं तालिका 2.10 में दिया गया है।

इसके अतिरिक्त, अपनी स्थापना से अब तक, परिषद अपने अनुसंधान सर्वेक्षण कार्यकर्म के तहत सामाजिक विज्ञान के चुने हुए विषयों में अनुसंधान विकास के सर्वेक्षण का कार्य करता आया है। सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य एक निर्दिष्ट अवधि के दौरान किये गए अनुसंधान का व्यापक अवलोकन करना है, जिसमें सिद्धांत, कार्यप्रणाली, अनुभवजन्य साक्ष्य के संदर्भ में, किसी विशेष सामाजिक विज्ञान विषय या क्षेत्र में क्या हासिल किया गया और ऐसी कमियां जिन्हें भविष्य के शोधों के लिए प्राथमिकता

तालिका 2.10
प्रकाशन एवं रख–रखाव अनुदान के लाभार्थी (वर्ष अनुसार)

वर्ष	डॉक्टरल शोध-प्रबंध/अनुसंधान परियोजना/अध्येतावृत्ति रिपोर्टों/सम्मेलन पत्रों के प्रकाशन हेतु अनुदान	अनुसंधान पत्रिकाओं के प्रकाशन हेतु अनुदान	सामाजिक वैज्ञानिकों की व्यवसायिक समितियों को विकास हेतु अनुदान
1969 से 31 मार्च 1990 तक	1025	92	229
1990-2010	591	430	70
2010-2011	22	45	05
2011-2012	33	47	07
2012-2013	20	61	13
2013-2014	23	66	11
2014-2015	30	64	08
2015-2016	23	51	08
2016-2017	21	47	08
2017-2018	28	40	03
2018-2019	12	32	05
2019-2020	25	32	07
2020-2021	15	33	07
2021-2022	15	35	15
2022-2023	04	32	16
कुल	**1,887**	**1,107**	**412**

देने की आवश्यकता है, इसे समझना है। अब तक भासाविअप ने अनुसंधान सर्वेक्षणों के लगभग 70 खंड और 60 अन्य प्रकाशन प्रकाशित किए हैं।

परिषद द्वारा, मनोविज्ञान, राजनीति शास्त्र, भूगोल, समाजशास्त्र, सामाजिक नृविज्ञान एवं अर्थशास्त्र आदि विषयों में भासाविअप के अनुसंधान सर्वेक्षण के छठवें दौर को पूर्ण कर लिया गया, इसमें 2003–2009 तक का सर्वेक्षण भी शामिल है, इन सर्वेक्षण रिपोर्टों को ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस (ओयूपी), नई दिल्ली के सहयोग से प्रकाशित किया गया।

सामाजिक विज्ञान के विभिन्न क्षेत्रों में अनुसंधान सर्वेक्षण का सांतवा दौर शीघ्र ही शुरु होने वाला है।

राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केन्द्र – नैसडॉक

राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान प्रलेखन केंद्र (नैसडॉक) की स्थापना 1970 में भासाविअप के एक विभाग के रुप में की गयी थी। यह सामाजिक विज्ञान अनुसंधान समुदाय को पुस्तकालय एवं सूचना सेवाएं प्रदान करता है जिसमेः शिक्षा संस्थान, स्वायत्त अनुसंधान संगठन, नीति निर्माण संस्थाएं, सरकारी विभागों की योजना एवं अनुसंधान इकाईयां आदि की सूचनाएं सम्मिलित हैं। तकनीकी से जुड़ी वैश्विक चुनौतियों का सामना करने के लिए यह वेब–बेस्ड डिजीटल पर्यावरण का उपयोग करता है, जिसमें यह अपने स्वचालित पुस्तकालय संकलन, वेब–ओपेक, ऑनलाईन डेटाबेस/ई–संसाधनों, डिजीटल कोष सूचना निकासी आदि के माध्यम से सूचना का उपयोग करता है। नैसडॉक की प्रमुख गतिविधियों और सेवाओं मे शामिल हैं – भासाविअप के अनुसंधान संस्थानों एवं क्षेत्रीय केंद्रो के लिए पुस्तकालय; संदर्भ एवं सूचना सेवाएं तथा ई–संसाधन; लघु संदर्भ–ग्रंथ सूचियों/साहित्य खोज सेवाओं का संग्रहण; माईक्रोफिल्म एवं माईक्रोफिश (लघु–फिल्म व सूक्ष्मिका) सेवाएं; सतत् शिक्षा कार्यक्रम; मूल्यपरक सेवाएं जैसे वर्तमान जागरुकता सेवाएं (करंट अवेयरनेस सर्विस–सीएएस) एवं सामाजिक विज्ञान में ई–संसाधनों के उपयोग हेतु अत्याधुनिक डिजीटल रिसोर्स लर्निंग सेंटर (डीआरएलसी) के साथ नेशनल नॉलेज नेटवर्क इंटरनेट सेवाएं। इसके साथ ही नैसडॉक का एक विक्रय–वितरण विभाग है, जो भासाविअप की प्रकाशन सामग्री की आपूर्ति करता है।

पुस्तकालय, संदर्भ व सूचना सेवाएं

नैसडॉक के संग्रह में विभिन्न प्रकार के दस्तावेजों (53,641) का विस्तृत संकलन है, जिसमें संदर्भ स्त्रोत संकलन जैसे संदर्भ-सूचियां, विश्वकोष, दिग्दर्शिकाएं आदि; ग्रे संकलन जैसे डॉक्टरल शोध-प्रबंध, अनुसंधान परियोजना रिपोर्ट; एक अनूठा संकलन अनुसंधान प्रणाली, अनुसंधान सर्वेक्षण का; और सामाजिक विज्ञान के सभी विषयों: पुस्तकालय और सूचना विज्ञान, कंप्यूटर एवं सूचना प्रौद्योगिकी सहित, पत्रिकाओं के 13,581 जिल्द संस्करण भी शामिल हैं। पुस्तकालय सोमवार से शनिवार तक सुबह 9.30 बजे से शाम 6 बजे तक खुला रहता है और रविवार व सभी सरकारी छुट्टियों पर यह बंद रहता है।

वर्ष 2022-23 के दौरान कुल 3,673 अनुसंधान शोधार्थी नैसडॉक में आए। साथ ही बहुत सी संदर्भ जानकारियों के लिए ईमेल और पत्र प्राप्त हुए। ये सभी अनुसंधान सूचनाएं, शोधार्थियों को नैसडॉक के संकलन, उसके अंतः डेटा-बेस और इलेक्ट्रॉनिक स्त्रोतों व अन्य इंटरनेट आधारित संसाधनों द्वारा मुहैया करायी गईं।

पुस्तकालय सदस्यता

भासाविअप-नैसडॉक के पुस्तकालय की सदस्यता निम्नलिखित श्रेणी के पाठकों के लिए खुली हैः

अधिकारिक सदस्यः इसमें भासाविअप के परिषद सदस्य/ भासाविअप सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी एवं भासाविअप के नियमित प्रोफेशनल स्टाफ - (जैसे-अनुसंधान सहायक/ प्रलेखकन सहायक एवं अन्य) इन सभी को पुस्तकालय से पुस्तकें ईश्यू कराना अधिकृत है।

परामर्श सेवा सदस्यः परामर्श सेवाएं शिक्षा विद्वानों, अनुसंधान शोधार्थियों, छात्रों तथा सामान्य जन सदस्यों जिनमें सेवानिवृत्त सदस्य भी शामिल हैं, साथ ही अन्य श्रेणियों के पाठकों को भी प्रदान की जाती हैं।

भासाविअप लाभार्थी सदस्यः सभी अनुसंधानकर्ता एवं शोधार्थी, जिन्हें भासाविअप के विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं का लाभ मिला है, को भी इसकी सदस्यता दी जाती है।

पुस्तक उधार लेने वाले सदस्यः पुस्तक उधार लेने की सुविधा, सामाजिक वैज्ञानिकों, शिक्षाविदों, छात्रों एवं पुस्तकालय में सदस्य के रुप में पंजीकृत सामान्य पाठकों को प्रदान की जाती है। प्रत्येक पुस्तक के लिए 1000 रुपये की पूर्व पेशगी देने पर पुस्तक ईश्यू की जाती है। एक समय पर एक व्यक्ति को दो पुस्तकें ईश्यू की जा सकती हैं।

संस्थानिक सदस्यः संस्थानों की सदस्यता भी उपलब्ध है। संस्थान सदस्यों द्वारा पुस्तकालय से एक महीने के लिए पाँच पुस्तकें ली जा सकती हैं।

अतिथि पाठकः एक या दो दिन के लिए पुस्तकालय की पुस्तकों का परामर्श लेने वाले अतिथि पाठकों के लिए कोई शुल्क नही है। उन्हें दिन के हिसाब से अतिथि कार्ड बनाकर दिया जाता है।

पुस्तकालय की सदस्यता के लिए फॉर्म पुस्तकालय के काउंटर पर उपलब्ध है और ऑनलाईन आवेदन, हमारी वेबसाईट www.icssr.org. पर किए जा सकते हैं। वर्ष 2022-23 के दौरान, कुल 307 शोधार्थियों एवं अतिथि सदस्यों ने पुस्तकालय की सदस्यता ली।

दस्तावेजों का वितरण (निर्गम/वापसी)-नैसडॉक द्वारा सामान्यतः उस अनुसंधानकर्ता को सेवाएं प्रदान की जाती हैं जो अपने डॉक्टरेट/पोस्ट-डॉक्टरेट या सम्मेलन लेख या किसी शैक्षिक अनुसंधान परियोजना पर कार्य कर रहा/रही हो। इस कार्य हेतु उसे पत्रिका-लेखों, संस्थान आलेखों समेत अव्यवसायिक साहित्य की आवश्यकता होती है, उदाहरण के तौर पर कार्य पत्र, संवाद पत्र एवं सामयिक पत्र आदि। यह परामर्श संकलन होता है जिसे शोधार्थी पठन कक्ष में ही उपयोग में ला सकता है। हालांकि, पुस्तक उधार लेने वाले सदस्यों के मध्य, अव्यवसायिक साहित्य के अलावा कुल 105 प्रलेखों का परिचालन हुआ।

अंतर-पुस्तकालय ऋणः जब नैसडॉक में कोई पुस्तक अथवा पत्रिका उपलब्ध नहीं होती तब उन्हें अन्य पुस्तकालयों से उधार लिया जाता है और फिर शोधार्थियों या पुस्तकालयों को ईश्यू किया जाता है। इसी तरह से नैसडॉक भी दूसरे पुस्तकालयों को पुस्तकें व पत्रिकाएं उधार देता है। 2022 के दौरान, नैसडॉक द्वारा अंतर-पुस्तकालय ऋण के तहत 50 पुस्तकें, दूसरे पुस्तकालयों को उधार दी गईं। डेलनेट (डेवलेपिंग लाईब्रेरीज़ नेटवर्क-डीईएलएनईटी) का सदस्य होने के नाते, नैसडॉक उसकी अंतर-पुस्तकालय ऋण सेवाओं का उपयोग करता है।

ई-संसाधनः पठन कक्ष में लगाए गए तीन कम्प्यूटर विशिष्ट रुप से ई-संसाधन उपयोग के लिए उपलब्ध हैं। सदस्यगण पुस्तकालय में ऑनलाईन पत्रिकाओं के संदर्भ भी ले सकते हैं। पुस्तकालय में चौदह ऑनलाईन ई-संसाधन (सदस्यता लिए हुए) एवं अन्य डिजीटल संसाधन उपयोग के लिए उपलब्ध हैं। नैसडॉक परिसर में 211 शोधार्थियों द्वारा इन ई-संसाधनों का उपयोग किया गया। इन शोधार्थियों के अतिरिक्त, संदर्भ प्रश्नों, संदर्भ-ग्रंथ सूचियो के संकलन एवं नैसडॉक की अन्य सेवाओं हेतु ई-संसाधनों का अधिकतम उपयोग किया गया।

अनुसंधान सामाग्री-पुस्तकों/ शोध-प्रबंध/पाक्षिक पत्रिकाओं/ ई-संसाधनो का अधिग्रहणः प्रतिवेदित वर्ष में, 1,449 दस्तावेजों को नैसडॉक के संकलन में सम्मिलित किया गया। जिसमें 1,187 खरीदी हुई पुस्तकें, 256 अनुसंधान रिपोर्टें तथा प्रिंट फोर्मेट में उपहार स्वरुप 6 पुस्तकें शामिल हैं। वर्ष 2022-23

में कुल 79 पत्रिकाओं, 37 भारतीय एवं 42 विदेशी पत्रिकाओं की सदस्यता ली गई; 216 पाक्षिक पत्रिकाएं अनुदान स्वरुप प्राप्त हुईं; पाठकों के लिए 15 दैनिक समाचार-पत्रों तथा 21 लोकप्रिय पत्रिकाओं की सदस्यता ली गई। भारत सरकार के विभिन्न मंत्रालयों एवं विभागों तथा विभिन्न संस्थानों की वार्षिक रिपोर्टें भी नैसडॉक के संकलन में शामिल की गईं। नैसडॉक के लिए निम्न ई-संसाधनों की सदस्यता ली गईः 1. ईकॉन लिट विद फुल टेक्स्ट (ईबीएससीओ); 2. एजुकेशन सोर्स (ईबीएससीओ); 3. इंडियास्टैट (डेटानेट इंडिया); 4. जे-गेट सोशल एंड मैनेजमेंट साईंसेज, आर्ट्स एंड ह्यूमैनिटीज़ (इन्फोर्मेटिक्स); 5. जेस्टोर (आईटीएचएकेए); 6. लिस्टा विद फुल टेक्स्ट (लाईब्रेरी, इंफोर्मेशन साईंस एंड टैक्नोलॉजी एब्सट्रैक्ट्स) (ईबीएससीओ); 7. पॉलिटीकल साईंस कंप्लीट (ईबीएससीओ); 8. प्रोएस आईक्यू (सीएमआईई, सेंटर फॉर मोनिटरिंग इंडियन इकोनोमी); 9. साईकआर्टीकल्स (ईबीएससीओ); 10. एसओसी इंडेक्स विद फुल टेक्स्ट (ईबीएससीओ); 11. डेलनेट (डेवलेपिंग लाईब्रेरी नेटवर्क); 12. स्कोपस (एल्सीवियर); 13. स्टैटिस्टा (स्टोएर जीएमबीएच); 14. सीपीडीएक्स (सीएमआईई, सेंटर फॉर मोनिटरिंग इंडियन इकोनोमी)।

भासाविअप के अनुसंधान संस्थान (आर आई) के लिए ई-संसाधनः सामाजिक विज्ञान में निरंतर होते हुए विकसित ज्ञान के साथ भासाविअप के अनुसंधान संस्थानों एवं क्षेत्रीय केन्द्रों की अनुसंधान क्षमता बढ़ाने के लिए, नैसडॉक द्वारा वर्ष 2022-23 में 4 ई-संसाधनों की सदस्यता प्राप्त की गई। इन ई-संसाधनों की स्वतंत्र एवं मुफ्त उपलब्धता जिन संस्थानों को प्रदान की गई उनकी संख्या तालिका 2.11 में दी गई हैः

तालिका 2.11

क्रमांक	ई-संसाधन का नाम	साईट संख्या (आरआईज़)
1.	ईकॉन लिट विद फुल टेक्स्ट (ईबीएससीओ)	15
2.	इंडियास्टैट और इसकी सभी सहयोगी साईट्स (डेटानेट इंडिया)	14
3.	जेस्टोर (आईटीएचएकेए)	16
4.	प्रोएस आईक्यू (सेंटर फॉर मोनिटरिंग इंडियन इकोनोमी)	07
5.	जे-गेट (इन्फोर्मेटिक्स लि.)	01

लघु संदर्भ-ग्रंथ सूची संकलन/साहित्य खोज सेवाः वर्ष 2022-23 के दौरान, 13 लघु एवं विशिष्ट संदर्भ-ग्रंथ सूची सारांश सहित (परिशिष्ट-8) संकलित की गई तथा शोधार्थियों को उनकी माँग के अनुसार प्रदान की गईं।

विषय संदर्भ-ग्रंथ सूचीः वर्ष 2022-23 के दौरान, विभिन्न विषयों पर 9 संदर्भ-ग्रंथ सूची तैयार की गईं, जिन्हें परिशिष्ट-8 में स्थान दिया गया। इस काल में 37 शोधार्थियों ने इन संदर्भ-ग्रंथ सूचियों से परामर्श लिया।

वेब आधारित कैटेलॉग की उपलब्धता (वेबऔपेक-ओपीएसी): नैसडॉक के संपूर्ण संकलन, पुस्तकों, पत्रिकाओं, ई-संसाधनों, शोध-प्रबंधों, अनुसंधान रिपोर्टों, माईक्रोफिल्मों एवं कार्य-आलेखों को भासाविअप की वेबसाईट (www.icssr.org/nassdoc) पर वेबओपेक के माध्यम से कहीं से भी 24x7 उपयोग किया जा सकता है। अभी तक 5,732 व्यक्तियों ने इसका उपयोग किया है।

डेटा सेवाएंः इस काल के दौरान, प्रतिष्ठित संस्थानों के 4,976 शोधार्थियों को डेटा सेवाओं का लाभ दिया गया, जिनके विषय थे– ऋण एवं निवेश, घरेलू पर्यटन, आर्थिक जनगणना, शिक्षा, रोज़गार एवं बेरोज़गारी, उद्यम, स्वास्थ्य सेवाएं, पारिवारिक ग्राहक व्यय, आवास स्थिति, जनजातीय अध्ययन, ग्रामीण अध्ययन, शहरी झुग्गी अध्ययन, अनियमित रोज़गार क्षेत्र, व्यापार एवं समय सर्वेक्षण, शिक्षा एवं संस्कृति अध्ययन, उद्योग अध्ययन आदि।

माईक्रोफिल्म एवं माईक्रोफिश सेवाएंः नैसडॉक के पास माईक्रोफिल्म एवं माईक्रोफिश का अच्छा खासा (लगभग 3,500) संकलन है, साथ ही माईक्रोफिल्म रीडर की सुविधा भी है। इस काल के दौरान 51 शोधार्थियों को इस सेवा का लाभ मिला।

सतत् शिक्षा कार्यक्रमः इस कार्यक्रम के तहत नवीन तकनीकी विकासों से अवगत रहने एवं सामाजिक विज्ञान सूचनाएं जुटाने के विशेष कौशल के विकास हेतु नैसडॉक द्वारा नियमित रुप से अल्पकालिक प्रशिक्षण कार्यशालाएं/संगोष्ठियां/संवाद गोष्ठियां व व्याख्यान आयोजित किये जाते हैं। इस काल के दौरान, शिक्षा समुदाय के लिए ऑनलाईन संसाधनों जैसे- 1). जे-गेट 2). प्रोएस आईक्यू 3). इंडिया स्टैट 4). जेस्टोर 5). ईबीएससीओएचओएसटी, ईकोनलिट, पॉलिटिकल साईंस कंप्लीट, एसओसी-इंडेक्स, एजुकेशन सोर्स एवं साइकआर्टिकल्स 6). नैसडॉक रिमोट एक्सेज़ः ऑनलाईन डिजीटल रिसोर्स एक्सेस पोर्टल के अधिगम व उपयोग के लिए 10 प्रशिक्षण/अनुकूलन सत्रों का आयोजन किया गया। इस काल के दौरान, इन प्रशिक्षण कार्यक्रमों के द्वारा 320 वास्तविक पुस्तकालय शोधार्थियों को लाभ मिला।

मूल्यपरक सेवाएंः 'नैसडॉक अनुसंधान सूचना शृंखला' के अंतर्गत, नियमित रुप से विभिन्न प्रकाशनों को लाकर, वर्तमान जागरुकता सेवाएं (करंट अवेयरनेस सर्विस-सीएएस) प्रदान की जाती है। वर्ष 2022-23 के दौरान, न्यू अराईवल एलर्ट सर्विस एवं करंट कंटेन्ट्स के 24 संस्करण तथा न्यूजपेपर क्लिपिंग्स सर्विस के 223 संस्करण लाए गए, जो कि विषयानुसार इंडेक्स, लेखक इंडेक्स व कीवर्ड इंडेक्स सहित थे।

व्यवसायिक प्रशिक्षणः इस योजना के तहत, पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान के 18 छात्रों को तीन महीने के लिए इंटर्नशिप आधार पर प्रशिक्षण दिया गया।

वर्ष 2022-23 हेतु व्यवसायिक निकाय सदस्यताः व्यवसायिक कौशल विकास एवं नेटवर्किंग के तहत, व्यवसायिक निकायों और नेटवर्क के लिए नैसडॉक नियमित रुप से वार्षिक सदस्यता प्राप्त कर रहा है, और वर्ष 2022-23 के लिए, डेलनेट (डीईएलएनईटी), आईएलए, आईएएसएलआईसी एवं आईएफएलए की सदस्यता का नवीनीकरण किया गया। इस तरह की सदस्यता लेने से नैसडॉक को अंतः पुस्तकालय ऋण तथा ऑनलाईन डेटाबेस उपलब्धता जैसी सेवाएं प्राप्त होती हैं।

वर्ष 2022-23 में नैसडॉक (एनएएसएसडीओसी) द्वारा कुल 2,66,11,131 रुपये का व्यय किया गया।

तालिका 2.12
नैसडॉक (एनएएसएसडीओसी) की गतिविधियां, सदस्य, सेवाएं आदि (स्थापना से अब तक)

विवरण	कुल
पुस्तकालय सदस्यता की संख्या	3,829
ई-संसाधनों की सदस्यता	257
अनुसंधान सामाग्री का अधिग्रहण: पुस्तकें/ शोध-प्रबंध/ पत्रिकाएं	1,25,796
लघु संदर्भ-ग्रंथ सूची/ साहित्य खोज सेवाओं आदि का संकलन	7,576
आगंतुकों की संख्या	2,25,832
नैसडॉक द्वारा प्रायोजित/ वित्त पोषित कार्यशालाएं/प्रशिक्षण कार्यक्रम	147
साहित्यिक चोरी जाँच (2021-22 में शुरु)	1,191
अन्य कोई जानकारी (शिक्षा यात्रा आगंतुक)	574

इंपैक्टफुल पॉलिसी रिसर्च इन सोशल साईंस (इम्प्रेस) योजना

इंपैक्टफुल पॉलिसी रिसर्च इन सोशल साईंस (इम्प्रेस) अपनी तरह का एक विचार है जिसका उद्देश्य समाज से संबंधित नीतिगत चुनौतियों का समाधान करने के लिए एक शोध-आधारित रोडमैप प्रदान करना है और इसलिए, सामाजिक विज्ञान का विस्तार होता है। सामाजिक विज्ञान में प्रभावशाली नीति अनुसंधान के प्रस्ताव को इम्प्रेस नाम की योजना अगस्त 2018 में भारत सरकार द्वारा अक्टूबर 2018 से शुरू होने वाले कार्यान्वयन के लिए तीन वित्तीय वर्षों में 414 करोड़ के कुल बजट के साथ अनुमोदित की गई थी। भा.सा.वि.अ.प. एक अत्यधिक प्रतिष्ठित सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद है। मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन उच्च शिक्षा विभाग, भारत सरकार, नई दिल्ली को योजना के कार्यान्वयन की जिम्मेदारी सौंपी गई थी।

इस वित्तीय वर्ष में इम्प्रेस की पहली कॉल के तहत स्वीकृत सभी 739 परियोजनाएं पूरी हो गईं। हालाँकि, 65 परियोजनाओं को परियोजना निदेशकों ने कोविड-19 और अन्य कारणों से बीच में ही सरेंडर कर दिया था। वर्ष 2022-23 में प्राप्त 100 परियोजनाओं सहित कुल 650 अंतिम रिपोर्ट प्राप्त हुईं। अंतिम रिपोर्ट का विवरण परिशिष्ट-12 में देखा जा सकता है।

3

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग द्वारा सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को प्रोत्साहन देना भासाविअप के प्रमुख दृष्टिकोणों में से एक है। इस कार्यक्रम के तहत, परिषद भारतीय एवं विदेशी शोधार्थियों को विचार-विमर्श, सीखने, अनुसंधान करने और सामाजिक विज्ञान में योगदान देने का अवसर प्रदान करती है। इस कार्यक्रम के तहत परिषद कई महत्वपूर्ण गतिविधियों को संचालित करती है, जिसमें विदेशी वित्त-पोषण परिषदों व सामाजिक विज्ञान संस्थानों के साथ द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय सहयोग, भारतीय शोधार्थियों को अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में पेपर प्रस्तुत करने एवं डेटा संग्रहण करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करना आदि शामिल है।

भासाविअप द्वारा अपने विदेशी सहयोगियों के साथ मजबूत द्विपक्षीय सामाजिक विज्ञान सहयोगात्मक समझौते स्थापित किये गए हैं। इसके अलावा, परिषद अन्य देशों के साथ भारत सरकार के 'सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम' एवं 'शैक्षिक आदान-प्रदान कार्यक्रम' की क्रियान्वयन संस्थाओं में से एक है।

हमारे लिए महत्वपूर्ण कार्य है, देश में अभिनव, अंतर विषयी, बहुविषयी एवं नीति निर्धारित सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को प्रोत्साहन और वित्त पोषित करना है जिससे भारत में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को आकार और मजबूती देने में नेतृत्व की भूमिका निभाई जा सके, जिसमें समकक्ष विदेशी परिषदों और संस्थाओं के साथ सहयोगात्मक अनुसंधान भी शामिल है। हमारा लक्ष्य है सामाजिक वैज्ञानिकों को अनुसंधान में व्यापक, चुनौतीपूर्ण एवं अभिनव प्रशिक्षण के द्वारा संवारना, प्रशिक्षण देना व क्षमता निर्माण करना।

पेपर प्रस्तुतिकरण/डेटा संग्रहण हेतु अंतर्राष्ट्रीय यात्रा अनुदान

भारत व विदेशी सामाज वैज्ञानिकों के मध्य निकट संपर्क को प्रोत्साहन देने की अपनी नीति का अनुसरण करते हुए भासाविअप ने दो कार्यक्रम विकसित किए हैं। प्रथम कार्यक्रम के अंतर्गत, विदेश में अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में योगदान देने व पेपर प्रस्तुतिकरण के लिए निमंत्रित भारतीय शोधार्थियों को वित्तीय सहयोग प्रदान करना। द्वितीय कार्यक्रम के अंतर्गत, भासाविअप द्वारा ऐसे शोधार्थियो को वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है जिन्हें अपने अनुसंधान कार्य हेतु विदेश में डेटा संग्रहण अथवा अभिलेखीय सामाग्री के परामर्श की आवश्यकता होती है। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रम द्वारा वर्ष 2022-23 में अपनी गतिविधियों के लिए कुल 228.73 लाख रुपये का व्यय किया गया है। प्रस्तावों की सूची परिशिष्ट-9 में दी गई है।

इसके अतिरिक्त, अपनी स्थापना से लेकर अब तक भासाविअप द्वारा प्रदान किए गए यात्रा-अनुदान का वर्ष अनुसार ब्यौरा तालिका 3.1 में देखा जा सकता है

तालिका 3.1
यात्रा-अनुदान का वर्ष अनुसार वितरण

वर्ष	संगोष्ठी/सम्मेलनों में भाग लेने हेतु यात्रा अनुदान	विदेश में डेटा संग्रहण
1971-1990	342	116
1990-2010	547	64
2010-2011	35	06
2011-2012	50	03
2012-2013	101	06
2013-2014	120	32
2014-2015	146	48
2015-2016	202	57
2016-2017	197	59
2017-2018	54	23
2018-2019	178	22
2019-2020	172	22
2020-2021*	-	-
2021-2022	06	03
2022-2023	91	17
कुल	**2,241**	**478**

* कोविड-19 महामारी के प्रतिबंधों के कारण वर्ष 2020-21 में यात्रा एवं विदेश में डेटा संग्रहण अनुदान नहीं प्रदान किया गया।

पिछले कुछ सालों में, भासाविअप, भारत में एक उच्च कोटि की सामाजिक विज्ञान अनुसंधान संस्था के रुप में उभरी है साथ ही अंतर्राष्ट्रीय पटल पर भी इसने अच्छी खासी उपस्थिति दर्ज कराई है। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग विभाग का प्रमुख कार्य, भारत तथा अन्य देशों के समाज वैज्ञानिको के मध्य शैक्षिक संबंधों को प्रोत्साहन देने वाली गतिविधियों का संचालन करना है। विभाग, परिषद की ओर से अनेक देशों व संस्थानों के साथ सहयोगात्मक एवं संयुक्त कार्यक्रमों का प्रतिनिधित्व करता है।

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रम

भासाविअप, विभिन्न देशों के साथ अपने मौजूदा कार्यक्रमों मे सहयोग कर रहा है, जैसे नेशनल रिसर्च काउंसिल ऑफ थाईलैंड (एनआरसीटी), थाईलैंड; वियेतनाम एकेडमी ऑफ सोशल साईंस (वीएएसएस), वियेतनाम; नेशनल साईंस फाउंडेशन (एनएसएफ), श्रीलंका; इकोनोमिक एंड सोशल रिसर्च काउंसिल (ईएसआरसी), यूके; द नीदरलैंड्स साईंटिफिक ऑर्गेनाईजेशन (एनड्ब्ल्यूओ), नीदरलैंड्स; जर्मन रिसर्च फाउंडेशन (डीएफजी), जर्मनी; कोरियन सोशल साईंस रिसर्च काउंसिल (केओएसएसआरईसी), रिपब्लिक ऑफ कोरिया; स्विस नेशनल साईंस फाउंडेशन (एसएनएसएफ), स्विट्ज़रलैंड; मिनिस्ट्री ऑफ साईंस एंड टैक्नोलॉजी (एमओएसटी), ताईपे, ताईवान; जापान सोसायटी फॉर प्रमोशन ऑफ साईंस (जेएसपीएस), जापान; नेशनल इंस्टीट्यूट फॉर द ह्यूमैनिटीज़ एंड सोशल साईंसेज़ (एनआईएचएसएस), साउथ अफ्रीका; फिलपीन सोशल साईंस काउंसिल (पीएसएससी), फिलीपीन्स; ब्रिटिश काउंसिल (बीसी), यूके, यूरोपियन कमीशन (ईसी); इंस्टीट्यूट ऑफ ओरियेंटल स्टडीज़ (आईओएस), रशियन एकेडेमी ऑफ साईंस, मॉस्को; स्वीडिश रिसर्च काउंसिल फॉर हैल्थ, वर्किंग लाईफ एंड वेलफेयर (एफओआरटीई), स्वीडन; एकेडेमी ऑफ साईंसेज़ एंड आर्ट्स ऑफ बोस्निया एंड हर्जेगोविना (एएनयूबीआईएच), सारयेवो, बोस्निया एंड हर्जेगोविना। भासाविअप का, ईयू-इंडिया प्लेटफॉर्म ऑन सोशल साईंसेज एंड ह्यूमैनिटीज़ (ईक्यूयूआईपी), के साथ बहुस्तरीय सहयोग है।

इसके अतिरिक्त, भासाविअप अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञान संस्थानों की गतिविधियों में भागीदारी करता आ रहा है– जैसे इंटरनेशनल साईंस काउंसिल (आईएससी); साईंस काउंसिल ऑफ एशिया (एससीए); द लैटिन अमेरिकन काउंसिल ऑफ सोशल साईंसेज़ (सीएलएसीएसओ); एवं एसोसिएशन ऑफ एशियन सोशल साईंस रिसर्च काउंसिल्स (एएएसएसआरईसी)। भासाविअप, शिक्षा मंत्रालय के इंडियन नेशनल कमीशन फॉर कॉ-ऑपरेशन विद यूनेस्को (आईएनसीसीयू) के अंतर्गत सामाजिक विज्ञान पर बनाए गए उप-आयोग की केंद्रीय एजेंसी है।

अंतः-विषयी एवं अंतर-विषयी सहयोग द्वारा भासाविअप को व्यापक आधार देना

भारत में वैज्ञानिक, चिकित्सा एवं कृषि परिषदें भी हैं और उनके भी अंतर्राष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रम हैं। भासाविअप ऐसे कार्यक्रम विकसित करने के लिए प्रयासरत है जिनके द्वारा अनुसंधान संस्थानों जैसे डीएसटी, आईसीएमआर, डीबीटी, आईसीएआर आदि के साथ द्विपक्षीय एवं बहुपक्षीय समजौतों के माध्यम से समाज व विज्ञान में और मजबूत एवं गहरे पारस्परिक संबंध बने। इसके अतिरिक्त, भासाविअप की देश आईआईएम, आईआईटी एवं एनआईटी जैसे संस्थानों के सहयोग से संयुक्त कार्यशालाएं व सम्मेलन आयोजित करने की योजना है। ऐसे ही भासाविअप की भारतीय राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी ऑफ इंडिया-एनएलयू) के साथ भी सहयोगात्मक व्यवस्था बनाने का प्रयास है।

अंतर्राष्ट्रीय सहयोग कार्यक्रम के अंतर्गत, भासाविअप नई गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के द्वारा एक मजबूत और अभिनव भूमिका निभाने के लिए निरंतर प्रयास कर रहा है।

द्विपक्षीय सहयोग कार्यक्रम

भासाविअप द्वारा, कई देशों की समकक्ष संस्थाओं के साथ "द्विपक्षीय सहयोग कार्यक्रम" के लिए समझौते किए गए हैं जिससे शोधार्थियों के आदान-प्रदान कार्यक्रम, संयुक्त सम्मेलनों, संयुक्त परियोजनओं, संयुक्त प्रकाशन एवं पुस्तकों व पत्रिकाओं के आदान-प्रदान जैसी गतिविधियों को संचालित किया जा सके। परिषद की "विजिट ऑफ डिस्टिन्गविश्ड गेस्ट" योजना के तहत प्रतिष्ठित विदेशी विद्वानों को भारत में व्याख्यान देने के लिए आमंत्रित करने की भी योजना है।

इस प्रतिवेदित वर्ष में, भासाविअप के "द्विपक्षीय सहयोग कार्यक्रम" के तहत निम्नलिखित गतिविधियां संचालित की गईः

भासाविअप—मिनिस्ट्री ऑफ साईंस एंड टैक्नोलॉजी (एमओएसटी), ताईपे, ताईवान- संयुक्त अनुसंधान परियोजना

भासाविअप का सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में विज्ञान एवं तकनीकी मंत्रालय (मिनिस्ट्री ऑफ साईंस एंड टैक्नोलॉजी-एमओएसटी), ताईपे, ताईवान के साथ द्विपक्षीय कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम के अंतर्गत, द्विपक्षीय संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं, शोधार्थियों का आदान-प्रदान, संयुक्त कार्यशालाएं आदि गतिविधियां शामिल हैं। भासाविअप और विज्ञान एवं तकनीकी मंत्रालय (मोस्ट), ताईवान द्वारा अनुसंधान प्रस्तावों हेतु संयुक्त आह्वान दिया गया था। इस संयुक्त अनुसंधान परियोजना का कार्यकाल 2 वर्ष था और भासाविअप द्वारा चार परियोजनाओं को वित्ति अनुदान देने के लिए चुना गया। प्रत्येक प्रस्ताव को 12 लाख रुपये तक की राशि दी गई। जो चार संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं वित्त अनुदान के लिए चुनी गईं उनकी जानकारी तालिका 3.2 में दी गयी है।

तालिका 3.2
भासाविअप–मोस्ट संयुक्त अनुसंधान परियोनाएं

क्रमांक	भारतीय प्रधान अन्वेषक	ताईवानी प्रधान अन्वेषक	संयुक्त अनुसंधान परियोजना का शीर्षक
1.	प्रो. रीना मारवाह प्रोफेसर, जीजस एंड मैरी कॉलेज, दिल्ली वि.वि., नई दिल्ली, भारत	डॉ. सिमोन तेंग-ची चैंग प्रोफेसर एवं अध्यक्ष, राजनीति शास्त्र विभाग, नेशनल ताईवान वि.वि. (एनटीयू), ताईपे सिटी, ताईवान	इंडिक एंड सिनिक विजन्स ऑफ एशियन सिक्योरिटी: एक्सप्लोरेशन्स इनटू द कॉन्सेप्ट ऑफ सट्रैटेजिक इनटू पेशेन्स।
2.	डॉ. मिनीमोलम सी. संबद्ध प्रोफेसर, वाणिज्य एवं अंतर्राष्ट्रीय व्यापार विभाग, केरल केंद्रीय वि.वि., केरल, भारत	डॉ. चिंग-फू चेन विशिष्ट प्रोफेसर, यातायात एवं सूचना प्रबंधन विज्ञान विभाग, नेशनल चेंग कुंग वि.वि., ताईवान	स्मार्ट मोबिलिटी इन इंडिया एंड ताईवान: अ सस्टैनेबल पर्सपैक्टिव
3.	डॉ. ख्वालसोंकिम सुआंतक सहायक प्रोफेसर, भाषा-विज्ञान एवं जनजातीय भाषा विभाग, त्रिपुरा वि.वि., सूर्यमणिनगर, त्रिपुरा, भारत	डॉ. ओन-सुन हर विभागाध्यक्ष, विदेशी भाषा एवं साहित्य विभाग, तुंघाई वि.वि., ताईवान	ऑन द वेरिएशन ऑफ न्यूमेरल बेसेज़ एंड न्यूमैरिकल क्लासिफायर्स इन साउथ-सेंट्रल तिब्बतो-बर्मन (कुकी-चिन) लैंग्वेजेज़
4.	डॉ. अनंदिता पान सहायक प्रोफेसर, मानविकी एवं समाज-शास्त्र विभाग, आईआईएसईआर भोपाल, मध्य प्रदेश, भारत	प्रोफेसर चैंग-लिंग ह्वांग प्रोफेसर, राजनीति शास्त्र विभाग, नेशनल ताईवान वि.वि., ताईवान	वूमेन्स रिज़र्व्ड सीट्स इन म्यूनिसिपल काउंसिल्स इन इंडिया एंड ताईवान

भासाविअप–स्विस नेशनल साईंस फाउंडेशन (स्विटज़रलैंड) – संयुक्त अनुसंधान परियोजना

भासाविअप का सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में स्विस नेशनल साईंस फाउंडेशन (स्विटज़रलैंड) के साथ द्विपक्षीय कार्यक्रम है। भासाविअप एवं नेशनल साईंस फाउंडेशन (एसएनएसएफ) ने मिलकर एक प्रयोजन–पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं जिसमें भारत सरकार के पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय (एमओईएस) के साथ संयुक्त अनुसंधान परियोजना के लिये त्रिपक्षीय आह्वान किया जाए। इन संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं (जेपीआर) को स्विस स्टेट सेक्रेटैरिएट फॉर एजुकेशन, रिसर्च एंड इनोवेशन (एसईआरआई), स्विट्ज़रलैंड, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय, भारत सरकार तथा भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (भासाविअप) द्वारा वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

इन संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं का कार्यकाल 3 वर्ष को होता है और भासाविअप द्वारा कुल 8 परियोजनाओं को वित्तीय सहयोग के लिए चुना गया। भारतीय मुद्रा में 25 लाख रुपये का अनुदान प्रत्येक परियोजना को दिया गया। चुनी गईं 8 परियोजनाओं का ब्यौरा तालिका 3.3 में दिया गया है।

भासाविअप–जापान सोसायटी फॉर प्रमोशन ऑफ साईंस (जेएसपीएस), जापान–संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं एवं संयुक्त सम्मेलन

भासाविअप एवं जेएसपीएस, भारतीय एवं जापानी अनुसंधानकर्ताओं के समाज विज्ञान एवं मानविकी के क्षेत्र में शैक्षिक सहयोग के परिसर के विकास की महत्ता को समझते हैं। इस कार्यक्रम के तहत संचालन हेतु ली गई प्रमुख गतिविधियां इस प्रकार हैः – 1). संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं 2). संयुक्त सम्मेलन 3). अन्य सहयोगी गतिविधियां जिन्हें परस्पर सहमति से तय किया जाए।

भासाविअप एवं जेएसपीस के द्वारा संयुक्त रुप से, संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं एवं संयुक्त सम्मेलनों के लिए भारतीय एवं जापानी शोधार्थियों को सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में भारत–जापान सहयोग के तहत अनुसंधान अन्वेषण के लिए आमंत्रित किया गया। इस संयुक्त आमंत्रण के फलस्वरुप, दोनों ही पक्षों को काफी संख्या में आवेदन प्राप्त हुए। समीक्षा की प्रक्रिया के पश्चात्, निम्नलिखित 3 संयुक्त अनुसंधान परियोजनाओं एवं 1 संयुक्त संगोष्ठी को मंजूरी दी गई। (तालिका 3.4 एवं 3.5)

तालिका 3.3
भासाविअप–एसएनएसएफ संयुक्त अनुसंधान परियोजनाएं

क्र.	भारतीय प्रधान अन्वेषक	स्विस प्रधान अन्वेषक	संयुक्त अनुसंधान परियोजना शीर्षक
1.	डॉ. नैना मांजरेकर सहायक प्रोफेसर, मानविकी एवं समाज विज्ञान, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, पोवई, मुंबई	डॉ. टिने हैराल्ड फिशर वैश्विक इतिहास प्रोफेसर, ईटीएच, ज्यूरिक	इंडियन ओवरसीज़ माईग्रेशन एंड ग्लोबल एंटीकॉलोनियल नेटवर्क्स, सी.1905-1950: पॉलिटीकल इमेजनरीज़, सोशल कॉम्पोजीशन एंड लोकल एनटैंग्लमैंट्स
2.	डॉ. अपर्णा चंद्रा संबद्ध प्रोफेसर, राष्ट्रीय विधि विद्यालय, भारत वि.वि., ज्ञान भारथी मेन रोड, एनएसीसी के सामने, टीचर्स कॉलोनी, नागराभावी, बैंगलुरु	डॉ. एलियट ऐश सहायक प्रोफेसर, विधि एवं अर्थशास्त्र केंद्र, डीजीईएसएस, ईटीएच-ज्यूरिक विधि एवं अर्थशास्त्र केन्द्र, ज्यूरिक	बिग डेटा फॉर जस्टिस इन इंडिया
3.	डॉ. अंकिता शर्मा संबद्ध प्रोफेसर, (सायकोलॉजी), लिबरल आर्ट स्कूल, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर, राजस्थान	डॉ. साराह केडरडाईन ईपीएफएल, प्रायोगिक संग्रहालय विज्ञान प्रयोगशाला (ईएम+), लुइज़िआना, स्विट्ज़रलैंड	डिजीटल ट्विन्स: नेगोशिएटिंग आईडेन्टिटी एंड ट्रांसलोकेटेड हैरीटेज इन द ग्लोबल एज
4.	डॉ. गुरुजेगान मुरुगेसन सहायक प्रोफेसर, लिबरल आर्ट स्कूल, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर, राजस्थान	डॉ. अनिता ऑएर अंग्रेजी भाषा-विज्ञान प्रोफेसर, लुइज़िआना विवि, स्विट्ज़रलैंड	मैपिंग हैरीटेज लैंग्वेज़ स्ट्रक्चर थ्रू सोश्योलिंग्विस्टिक क्यूज़: अ केस स्टडी ऑफ स्विस तमिल
5.	डॉ. वैरोनिका पाला सहायक प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग, नॉर्थ-ईस्टर्न हिल वि.वि., शिलाँग	डॉ. शार्लोट सैरेन संबद्ध प्रोफेसर, प्रबंधन, उद्यमिता एवं नवाचार वैश्विक केंद्र, सैंट गैलेन विवि, स्विट्ज़रलैंड	इन्वेस्टीगेटिंग इनफॉर्मल आंट्रॉप्रोन्योरशिप इन इंडियन स्लम्स विद सैटेलाईट डेटा
6.	डॉ. शबाना बानो संबद्ध प्रोफेसर, सायकोलॉजी विभाग, बनारस हिंदू विवि, वाराणसी	डॉ. एंड्रिया हैनेई होती प्रोफेसर, अनुसंधान एवं विकास विभाग, विविध शिक्षा संस्थान, फिस्टरगास 20 सीएच-स्विट्ज़रलैंड	इमीग्रेंट चिल्ड्रेन इन इंडिया एंड स्विट्ज़रलैंड – अ कंपेरेटिव स्टडी ऑफ इकोनोमिक, एजुकेशनल एंड हैल्थ रिलेटेड एकल्चरेशन कंडीशन एंड देयर इंपेक्ट ऑन सायको-सोशल अडॉप्टेशन एंड स्कूल एडजस्टमेंट
7.	डॉ. पोन्नूरंगम कुमारगुरु कंप्यूटर साईस प्रोफेसर, कंप्यूटेशनल समाज विज्ञान केंद्र, भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, हैदराबाद	डॉ. उलरिक ब्रैंडेज़ प्रोफेसर, मानविकी, समाज एवं राजनीति शास्त्र, ईटीएच, ज्युरिक	होमोफिली एंड द स्प्रैड ऑफ (डिस) इन्फोर्मेशन इन सोशल मीडिया
8.	डॉ. रश्मि गुप्ता एसोसिएट प्रोफेसर, कॉग्निटिव एंड बिहेवरियल न्यूरोसाइंस (सीबीएन) लेबोट्री मानविकी विभाग और सामाजिक विज्ञान, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान बॉम्बे, मुंबई	डॉ. शैंटेल मार्टिन सोल्श सायकोलॉजी विभाग, फ्रीबोर्ग वि.वि., स्विट्ज़रलैंड	इंटरनेट बेस्ड ट्रीटमेंट फॉर डिप्रेशन इन इंडिया एंड स्विट्ज़रलैंड: अ रैंडमाईज्ड कंट्रोल्ड ट्रायल कंपेरिंग थैरेपिस्ट सपोर्ट एंड पीयर सपोर्ट यूज़िंग एन ऑनलाईन फोरम

तालिका 3.4
भासाविअप–जेएसपीएस संयुक्त अनुसंधान परियोजना

क्र.	भारतीय प्रधान अन्वेषक	जापानी प्रधान अन्वेषक	संयुक्त अनुसंधान परियोजना शीर्षक
1.	डॉ. अमित चैटर्जी संबद्ध प्रोफेसर, भूगोल विभाग, विश्व भारती विवि. शांतिनिकेतन, पश्चिम बंगाल	डॉ. शामिक चक्रवर्ती व्याख्याता, संधारणीय सह-निर्माण कार्यक्रम, संधारणीय अध्ययन विभाग, होजेई विवि. टोक्यो	रिस्टॉरेशन एंड कंजर्वेशन ऑफ वेटलैंड्स नीयर अर्बन एरियाज़ विद द हैल्प ऑफ ट्रैडीशनल एंड लोकल नॉलेज एंड सिटीजन साईंस
2.	डॉ. रैचल फिलिप सहायक प्रोफेसर, लिबरल आर्ट स्कूल, भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर, राजस्थान	डॉ. ताकाफूमी मात्सुमारु प्रोफेसर, स्नातक सूचना, उत्पाद एवं परितंत्र विद्यालय (आईपीएस), वसेदा विवि, जापान	एक्सप्लोरिंग स्मार्ट पेडागोगी थ्रू द एंड टू एंड डेवलपमेंट ऑफ टैक्नॉलॉजी एनहैन्स्ड लर्निंग (टीईएल) सिस्टम
3	डॉ. मिनाक्षी राजीव प्रोफेसर, अर्थशास्त्र अध्ययन एवं नीति केन्द्र, सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन संस्थान, नागराभावी, बैंगलुरु	डॉ. मानाबु फुरुता संबद्ध प्रोफेसर, अर्थशास्त्र विभाग, आइची गाकुइन विवि, नागोया, जापान	इंपोर्टेंस ऑफ एमएसएमई इन इंडिया एंड जापान

तालिका 3.5
भासाविअप–जेएसपीएस संयुक्त सम्मेलन

क्र.	भारतीय प्रधान अन्वेषक	जापानी प्रधान अन्वेषक	संयुक्त सम्मेलन शीर्षक
1.	प्रो. दिलीप कुमार स्वैन प्रोफेसर, कृषि एवं खाद्य अभियांत्रिकी विभाग, भारतीय प्रौद्योगिक संस्थान, खड़गपुर, पश्चिम बंगाल	डॉ. गीथा मोहन प्रोफेसर, दूरस्थ पूर्वी अध्ययन केन्द्र, सामाजिक विज्ञान विद्यालय, तोयामा विवि., जापान	क्लाईमेट स्मार्ट फार्मिंग रेजीलिएंट टैक्नोलॉजीज़ एंड प्रैक्टिसेज़ इन जापान एंड ऑपरच्युनिटीज़ फॉर इंडियन फार्मर्स एंड एग्री-टैक स्टार्ट-अप आंट्रॉप्योनोर्स

4

क्षेत्रीय केन्द्र

क्षेत्रीय केन्द्रों की स्थापना, परिषद् के प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण, सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के व्यापक विस्तार एवं विभिन्न क्षेत्रों के सामाजिक विज्ञान संस्थानों को सामाजिक विज्ञान अनुसंधान में प्रोत्साहन देने के कार्य में सहभागी बनाने के कार्यक्रम के अंतर्गत की गयी थी। इन क्षेत्रीय केन्द्रों की भूमिका को इस प्रकार परिभाषित किया गया हैः-

- अपने क्षेत्र में, भासाविअप का प्रतिनिधित्व करना एवं उस क्षेत्र के सामाजिक विज्ञानियों के मध्य भासाविअप के कार्यक्रमों व संदेशों का प्रसार करना;
- अपने क्षेत्र के सामाजिक विज्ञानियों के विचारों और समस्याओं को भासाविअप के संज्ञान में लाना जिससे उस पर संभावित कार्यवाही की जा सके;
- क्षेत्र के सामाजिक विज्ञानियों को अपने क्षेत्र में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को प्रोत्साहित करने हेतु एक साथ लाना एवं
- क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय सामाजिक विज्ञानियों के समदायों के मध्य एक सेतु के रूप में काम करना।

गतिविधियां

- क्षेत्रीय भाषा में प्रलेखन एवं संदर्भ-ग्रंथ सूचियों के निर्माण को प्रोत्साहित करना;
- क्षेत्र संगोष्ठी/सम्मेलन/कार्यशालाओं का आयोजन करना;
- विशिष्ट विद्वानों के व्याख्यानों का आयोजन करना;
- सामाजिक विज्ञानियों की व्यवसायिक क्षेत्रीय समितियों तथा क्षेत्रीय भाषा की सामाजिक विज्ञान पत्रिकाओं को सहयोग देना;
- पुस्तकालय अथवा फील्ड वर्क के लिए पहुंचे छात्रों/शोधार्थियों को कम बजट वाले आवास (जहां संभव हो) प्रदान करना;
- शैक्षिक कार्यों हेतु पुस्तकालय व संस्थान पहुंचने वाले शोधार्थियों को अध्ययन अनुदान प्रदान करना;
- शोधार्थियों को फोटोकॉपी की सुविधा प्रदान करना, विशेषतः पत्रिकाओं के चयनित लेखों की फोटोकॉपी आदि; एवं
- ऐसी अन्य कोई गतिविधि क्षेत्र में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को बढ़ावा मिले और या फिर ऐसी गतिविधि जो भासाविअप द्वारा सौंपी गई हो।

भासाविअप एवं मेजबान संस्थान के सहयोग से, इन क्षेत्रीय केन्द्रो ने बीते सालों में केन्द्र हेतु आधारभूत सरंचना एवं अनुसंधान सुविधाएं विकसित कर ली हैं, जिसमें छात्रावास, अतिथि भवन, पुस्तकालय भवन, सभागार, संगोष्ठी कक्ष, प्रतिलिपिकरण सुविधाएं आदि शामिल हैं।

भासाविअप क्षेत्रीय केन्द्र

भासाविअप के 6 क्षेत्रीय केन्द्र हैं। उनकी भौगोलिक स्थिति एवं अन्य जानकारियां इस प्रकार हैः

- **पूर्वी क्षेत्रीय केन्द्र (ईआरसी), कोलकाता,** इस क्षेत्रीय केन्द्र के अंतर्गत बिहार, उड़ीसा, पश्चिम बंगाल, झारखंड एवं केंद्र शासित अंदमान एवं निकोबार द्वीप आते हैं। पूर्वी क्षेत्रीय केन्द्र की स्थापना वर्ष 1972 में की गई थी।

  ईआरसी कोलकाता, 1/आर -1 बैश्नबघाटा पतुली कस्बा, पतुली, कोलकाता, पश्चिम बंगाल – 700094 में स्थित ये राष्ट्रीय केन्द्र सामाजिक विज्ञानियों को उड़िया एवं बंगाली भाषा में सामाजिक विज्ञान सामाग्री उपलब्ध कराता है। केन्द्र द्वारा 17 संगोष्ठियां/ सम्मेलन/ कार्यशालाएं प्रायोजित की गईं एवं 3 संगोष्ठियां/सम्मेलन 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत प्रायोजित हुईं। पाँच अनुसंधान परियोजनाओं का समापन हुआ, तीन अनुसंधान परियोजनाएं स्वीकृत की गईं एवं एक अनुसंधान परियोजना जारी है। इस वर्ष के दौरान, केन्द्र द्वारा एक प्रकाशन अनुदान, एक क्षमता निर्माण कार्यक्रम एवं एक आउटरीच कार्यक्रम स्वीकृत किया गया।
  केन्द्र की वेबसाइट है, http://www.ercicssr.org

- **उत्तरी क्षेत्रीय केन्द्र (एनआरसी), नई दिल्ली,** इस क्षेत्रीय केन्द्र के अंतर्गत, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़ एवं दिल्ली आते हैं। उत्तरी क्षेत्रीय केन्द्र की स्थापना वर्ष 1975 में की गयी थी।

  एनआरसी, नई दिल्ली, जवाहरलाल नेहरु विवि, सीआरएस भवन, अरुणा आसफ अली मार्ग, नई दिल्ली – 110067 पर स्थित ये केन्द्र, शोधार्थियों को हिंदी एवं अंग्रेजी

में सामाजिक विज्ञान सामाग्री उपलब्ध कराने हेतु एक राष्ट्रीय केन्द्र के रुप में कार्य करता है। केन्द्र द्वारा 15 संगोष्ठियों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं का प्रायोजन किया गया एवं 1 संगोष्ठी 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के अंतर्गत प्रायोजित की गयी। इस वर्ष के दौरान, 2 अनुसंधान परियोजना पूर्ण की गईं जबकि 12 अनुसंधान परियोजनाएं अभी जारी हैं। साथ ही केन्द्र द्वारा 1 अनुसंधान प्रणाली कार्यक्रम को भी प्रायोजित किया गया।

केन्द्र की नयी बेवसाईट है www.nrc-icssr.org

- **उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय केन्द्र (एनईआरसी), शिलाँग,** इस क्षेत्रीय केन्द्र के अंतर्गत अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिज़ोरम, नागालैंड, त्रिपुरा एवं सिक्किम आते हैं। उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय केन्द्र (एनईआरसी) की स्थापना वर्ष 1977 में की गयी थी।

  एनईआरसी, शिलाँग, नॉर्थ ईस्टर्न हिल विवि, (नेहू) कैम्पस, उमशिंग, शिलाँग – 793022, मेघालय पर स्थित है। केन्द्र द्वारा 50 संगोष्ठियों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं का प्रायोजन किया गया, जिसमें से 4 संगोष्ठियां/कार्यशालाएं केन्द्र द्वारा आयोजित की गईं। इसके साथ ही, 1 संगोष्ठी/सम्मेलन/कार्यशाला का आयोजन/संचालन, 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के अंतर्गत किया गया। इस वर्ष के दौरान, केन्द्र की 8 अनुसंधान परियोजनाएं पूर्ण हुईं एवं 16 अनुसंधान परियोजनाएं अभी जारी हैं। इस वर्ष के दौरान केन्द्र द्वारा 1 पत्रिका का प्रकाशन किया गया एवं 10 अनुसंधान प्रणाली/क्षमता निर्माण/आउटरीच कार्यक्रमों का आयोजन हुआ।

  केन्द्र की वेबसाईट है, http://www.icssrnerc.org

- **उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रीय केन्द्र (एनड्ब्ल्यूआरसी), चंडीगढ़,** इस क्षेत्रीय केन्द्र के अंतर्गत हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, पंजाब और केन्द्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ शामिल है। उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रीय केन्द्र की स्थापना वर्ष 1977 में की गयी थी।

  एनड्ब्ल्यूआरसी, चंडीगढ़, पंजाब विवि, पुस्तकालय भवन, चंडीगढ़ – 160014 पर स्थित है। केन्द्र द्वारा 58 संगोष्ठयों/कार्यशालाओं/सम्मेलनों/व्याख्यानों को प्रायोजित किया गया, 8 संगोष्ठी/व्याख्यान/कार्यशाला को 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत आयोजित किया गया और केंद्र में एक अनुसंधान परियोजना अभी जारी है। इस वर्ष के दौरान, केन्द्र ने 8 आउटरीच/अकादमी कार्यक्रम प्रायोजित/संचालित किए।

  केन्द्र की वेबसाईट है, http://www.icssrnwrc.org.in/

- **दक्षिणी क्षेत्रीय केन्द्र (एसआरसी), हैदराबाद** इस क्षेत्रीय केन्द्र के अंतर्गत आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, केरल, तमिलनाडु एवं केंद्र शासित प्रदेश लक्षद्वीप एवं पोंडीचेरी आते हैं। दक्षिणी क्षेत्रीय केन्द्र की स्थापना वर्ष 1972 में की गई थी।

  एसआरसी, हैदराबाद, उस्मानिया विवि पुस्तकालय, हैदराबाद – 500007 पर स्थित है। केन्द्र द्वारा 46 संगोष्ठियों/सम्मेलन/कार्यशालाओं को वित्तीय सहायता प्रदान की गई, साथ ही 13 संगोष्ठियों को 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के तहत प्रायोजित किया गया। केन्द्र ने 20 अनुसंधान प्रणाली/आउटरीच कार्यक्रम प्रायोजित किए। इस वर्ष के दौरान केन्द्र द्वारा 3 कार्यशालाओं/क्षमता निर्माण कार्यक्रमों को स्वीकृत किया गया। केन्द्र द्वारा एक संपादित पुस्तक के अंग्रेजी से तमिल भाषा में अनुवाद हेतु अनुदान स्वीकृत किया गया। केन्द्र द्वारा 12 अनुसंधान परियोजनाओं को स्वीकृति दी गईं जिसमें से 2 अनुसंधान परियोजनाएं पूर्ण हो चुकी हैं तथा 10 अनुसंधान परियोजनाएं अभी जारी हैं।

  केन्द्र की वेबसाईट है http://icssr-src.org/

- **पश्चिमी क्षेत्रीय केन्द्र (ड्ब्ल्यूआरसी), मुंबई** इस क्षेत्रीय केन्द्र के अंतर्गत गुजरात, महाराष्ट्र, गोआ एवं केन्द्रशासित दमन व दीयू, दादरा व नागर हवेली आते हैं। पश्चिमी क्षेत्रीय केन्द्र की स्थापना वर्ष 1972 मे की गयी थी। (ड्ब्ल्यूआरसी), मुंबई जे पी नायक भवन, मुंबई विवि कैम्पस, विद्यानगरी, विद्यानगरी मार्ग, मुंबई – 400098 पर स्थित है। केन्द्र द्वारा 68 संगोष्ठियों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं को वित्तीय सहयोग प्रदान किया गया, साथ ही 2 सम्मेलन 'आजादी का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित किए गए। इस वर्ष के दौरान, केन्द्र द्वारा 9 अनुसंधान परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई जिसमें से 4 अनुसंधान परियोजनाएं अभी जारी हैं। केन्द्र द्वारा 1 आउटरीच कार्यक्रम एवं 2 क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। साथ ही केन्द्र ने 5 प्रकाशन अनुदान प्रदान किए।

  केन्द्र की वेवसाईट है http://www.wrcicssr.org/

उपरोक्त सभी 6 क्षेत्रीय केन्द्रों की वर्ष 2022-23 के दौरान हुई सभी प्रमुख गतिविधियों की संपूर्ण जानकारी परिशिष्ट-10 में दी गई हैं।

क्षेत्रीय केन्द्रों के अनुसंधान परिणाम (वर्ष 2022–23)

क्रं.	क्षेत्रीय केन्द्र का नाम	कार्यक्रम/संगोष्ठी/कार्यशाला/सम्मेलन/व्याख्यान/क्षमता निर्माण कार्यक्रम/प्रकाशन/अनुसंधान परियोजना/अध्ययन हेतु अनुदान	शोधार्थी/अनुसंधानकर्ता द्वारा ली गई अतिथि भवन और छात्रावास सुविधाएं	कार्यकारी स्टाफ संख्या
1	ईआरसी, कोलकाता	31	अतिथि भवन निर्माणाधीन है।	1*+7
2	एनआरसी, नई दिल्ली	32	-	1*+2
3	एनईआरसी, शिलाँग	99	2,143	1*+8
4	एनडब्ल्यूआरसी, चंडीगढ़	67 + 8 (आउटरीच कार्यक्रम)	608	1*+10
5	एसआरसी, हैदराबाद	97	257	1*+19
6	डब्ल्यूआरसी, मुंबई	124	471	1*+5
	कुल	**441**	**3,479**	**6*+54**

* एक मानद् निदेशक दर्शाता है।

निधि विवरण (अनिरीक्षित) 2022–23

1. पूर्वी क्षेत्रीय केन्द्र, कोलकाता			
आय	राशि (रुपये लाख में)	व्यय	राशि (रुपये लाख में)
1-4-22 तक बची हुई राशि	12.28	वेतन	30.81
ओएच-31 के अंतर्गत अनुदान	42.65	प्रशासनिक व्यय	16.88
ओएच-35 के अंतर्गत अनुदान	1.95	योजना व्यय	28.81
ओएच-36 के अंतर्गत अनुदान	33.07	अन्य प्रतिष्ठान व्यय	0.90
प्राप्त ब्याज	0.35	व्यय से अधिक आय	19.32
विविध आय	6.42		
कुल	**96.72**	**कुल**	**96.72**

2. उत्तरी क्षेत्रीय केन्द्र, नई दिल्ली			
आय	राशि (रुपये लाख में)	व्यय	राशि (रुपये लाख में)
बची हुई राशि	35.04	वेतन	11.25
ओएच-31 के अंतर्गत अनुदान	34.00	प्रशासनिक व्यय	2.12
ओएच-36 के अंतर्गत अनुदान	9.00	योजना व्यय	25.97
प्राप्त ब्याज	1.65	अन्य प्रतिष्ठान व्यय	1.23
विविध आय	--	व्यय से अधिक आय	39.12
कुल	**79.69**	**कुल**	**79.69**

3. उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय केन्द्र, शिलाँग			
आय	राशि (रुपये लाख में)	व्यय	राशि (रुपये लाख में)
बची हुई राशि	38.24	वेतन	53.36
ओएच-31 के अंतर्गत अनुदान	85.14	प्रशासनिक व्यय	39.92
ओएच-36 के अंतर्गत अनुदान	45.00	योजना व्यय	57.57
ओएच-35 के अंतर्गत अनुदान	4.99	अन्य प्रतिष्ठान व्यय (पूंजी खर्च)	4.92

3. उत्तर-पूर्वी क्षेत्रीय केन्द्र, शिलाँग			
आय	राशि (रुपये लाख में)	व्यय	राशि (रुपये लाख में)
प्राप्त ब्याज	0.55	ब्याज प्रेषण	0.87
विविध आय	1.47	व्यय से अधिक आय	18.75
कुल	**175.39**	**कुल**	**175.39**

4. उत्तर-पश्चिमी क्षेत्रीय केन्द्र, (एनडब्ल्यूआरसी), चंडीगढ़			
आय	राशि (रुपये लाख में)	व्यय	राशि (रुपये लाख में)
बची हुई राशि	22.54	वेतन	54.63
ओएच-31 के अंतर्गत अनुदान	76.54	प्रशासनिक व्यय	08.90
ओएच-36 के अंतर्गत अनुदान	84.00	योजना व्यय	59.96
प्राप्त ब्याज	1.92	अन्य प्रतिष्ठान व्यय	18.84
विविध आय	1.32	व्यय से अधिक आय	43.99
कुल	**186.32**	**कुल**	**186.32**

5. दक्षिणी क्षेत्रीय केन्द्र, हैदराबाद			
आय	राशि (रुपये लाख में)	व्यय	राशि (रुपये लाख में)
बची हुई राशि	51.99	वेतन	44.53
ओएच-31 के अंतर्गत अनुदान	74.16	प्रशासनिक व्यय	29.25
ओएच-36 के अंतर्गत अनुदान	43.00	योजना व्यय	59.85
ओएच-35 के अंतर्गत अनुदान	2.04	अन्य प्रतिष्ठान व्यय	1.60
प्राप्त ब्याज	1.20	पूंजी व्यय (ओएच-35)	2.89
- सेविंग बैंक ब्याज रुपये 1.09		भासाविअप, नई दिल्ली को ब्याज प्रेषण	0.75
- एचबीएल पर ब्याज रुपये 0.11			
विविध आय	1.50		
- सम्मेलन कक्ष किराया रुपये 1.20		व्यय से अधिक आय	35.02
- एचबीएल मूलधन राशि रुपये 0.30			
कुल	**173.89**	**कुल**	**173.89**

6. पश्चिमी क्षेत्रीय केन्द्र, (डब्ल्यूआरसी) मुंबई			
आय	राशि	व्यय	राशि
शेष राशि शुरु बकाया ओएच-31	76,118	वेतन	48,00,876
शेष राशि शुरु बकाया ओएच-36	19,88,936	प्रशासनिक व्यय	8,53,899
ओएच-31 के अंतर्गत अनुदान	41,44,000	योजना व्यय	34,87,088
ओएच-36 के अंतर्गत अनुदान	56,00,000	अन्य प्रतिष्ठान व्यय	0
प्राप्त ब्याज	89,417	व्यय से अधिक आय	27,56,608
विविध आय	0		
कुल	**1,18,98,471**	**कुल**	**1,18,98,471**

वित्तीय वर्ष 2022–23 के लिए क्षेत्रीय केन्द्रों को अनुदान का आवंटन एवं अंतिम भुगतान जारी (31.3.2023 तक)

(रुपये लाख में)

क्र.	क्षेत्रीय केन्द्र का नाम	आवंटन (ओएच-31)	जारी अनुदान (ओएच-31)	आवंटन (ओएच-36)	जारी अनुदान (ओएच-36)	आवंटन (ओएच-35)	जारी अनुदान (ओएच-35)	कुल अनुदान आवंटन	कुल अनुदान जारी
-1	-2	-3	-4	-5	-6	-7	-8	-9	-10
1	डब्ल्यूआरसी, मुंबई	42.20	41.44	56.05	56.00	8.00	7.29	106.25	104.73
2	ईआरसी, कोलकाता	49.50	42.65	35.45	33.07	5.00	1.95	89.95	77.67
3	एसआरसी, हैदराबाद	102.00	74.16	53.00	43.00	12.00	2.04	167.00	119.20
4	एनडब्ल्यूआरसी, चंडीगढ़	85.00	76.54	84.00	84.00	20.00	10.00	189.00	170.54
5	एनआरसी, नई दिल्ली	38.25	34.00	11.50	9.00	5.00	0.00	54.75	43.00
6	एनईआरसी, शिलांग	107.50	85.14	60.00	45.00	5.00	4.99	172.50	135.13
	कुल	**424.45**	**353.93**	**300.00**	**270.07**	**55.00**	**26.27**	**779.45**	**650.27**

* वर्ष 2022–23 के लिए 779.45 लाख रुपये की राशि के आवंटन के आलोक में 650.27 लाख रुपये की अनुदान राशि जारी की गई। बकाया के लिए क्षेत्रीय केन्द्रों ने 2021–22 की बची हुई राशि का उपयोग किया।

5
अनुसंधान संस्थान

भूमिका

भारतीय सामाजिक अनुसंधान परिषद्, संपूर्ण भारत में फैले हुए 24 अनुसंधान संस्थानों को उनके रख-रखाव व विकास के लिए अनुदान प्रदान करता है। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के दायरे के बाहर के इन अनुसंधान संस्थानों को वित्तीय सहयोग देकर सामाजिक विज्ञान के ज्ञान को व्यापक स्तर देना, अनुसंधान की गुणवत्ता को विकसित करना और एक अंतर विषयी दृष्टिकोण को प्रोत्साहित करना परिषद् की प्रमुख गतिविधियों में से एक है। ये संस्थान एक ऐसे मजबूत तंत्र का निर्माण करते हैं जो परिषद् उन नीतियों का क्रियान्वयन करता हैं जिसमें, अनुसंधान प्रतिभाओं को विस्तरित करने और ऐसे क्षेत्रों में जहां अभी तक सामाजिक विज्ञान अनुसंधान के क्षेत्र में अधिक विकास नहीं हुआ है वहां अनुसंधान क्षमता का निर्माण करना है।

इन अनुसंधान संस्थानों ने विभिन्न गतिविधियों जैसे संगोष्ठियों, कार्यशालाओं, क्षमता निर्माण एवं परामर्श कार्यक्रमों आदि के माध्यम से उस क्षेत्र व अन्य स्थानों के सामाजिक विज्ञानियों के मध्य संबंध स्थापित किए हैं। कुछ संस्थान राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय योजना व विकास संस्थाओं के साथ निकट संबंध रखते हैं, जिससे इन संस्थानों ने अनुसंधान और नीति निर्माण के बीच के संबंध को और अधिक मजबूत बनाया है।

प्रत्येक संस्थान अनुसंधान हेतु अपनी दिशा स्वयं निर्धारित करता है, जिसमें अनुसंधान के विभिन्न विषय सम्मिलित हैं जैसेः कृषि और ग्रामीण विकास, औद्योगिक सरंचना और विकास, आय वितरण और गरीबी, रोज़गार और मजदूरी, अंतर-क्षेत्रीय विकास के विभिन्न स्तर, शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, महिलाओं सहित समाज के कमजोर वर्गों की समस्याएं, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, पारिस्थितिकी और पर्यावरण तथा विकास के सामाजिक, सांस्कृतिक और संस्थागत पहलू आदि। अतः इन अनुसंधान अध्ययनों द्वारा भारतीय अर्थव्यवस्था, राजनीति, इतिहास एवं समाज तथा राष्ट्रीय व क्षेत्रीय स्तर पर उनके आयामों के संदर्भ में पर्याप्त अनुभवजन्य ज्ञान का प्रतिपादन किया गया है।

गत पाँच वर्षों में, इन संस्थानों ने 1349 अनुसंधान परियोजनाएं पूर्ण की हैं जबकि 1581 परियोजनाएं अभी जारी हैं। इन प्रयासों में जो सबसे महत्वपूर्ण बात है वो ये कि ना सिर्फ ये स्वभाव से अंतर्विषयी हैं बल्कि साथ ही ये क्षेत्रीय व स्थानीय समस्याओं पर भी बल देते हैं। इस प्रक्रिया में, ये संस्थान क्षेत्र की स्थानीय समस्याओं के बारे में अनुसंधान के केन्द्र बन चुके हैं, साथ ही इन्होंने विकास में आने वाली समस्याओं एवं संभावनाओं के प्रति जागरुकता में भी संपूर्ण देश के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। प्रकाशन की बात करें तो गत पाँच वर्षों में इन संस्थानों द्वारा 685 पुस्तकों व रिपोर्टों और 913 कार्य-पत्रों का प्रकाशन किया गया है।

परिषद् द्वारा महत्व दिए जाने वाली दूसरी प्रमुख गतिविधि है इन अनुसंधान संस्थानों के माध्यम से युवा सामाजिक विज्ञानियों को एम.फिल., पीएच.डी., कार्यशालाओं व सम्मेलनों के द्वारा प्रशिक्षण देना। गत पाँच वर्षों में, 249 शोधार्थियों को पीएच.डी. की डिग्री दी गई है तथा 2256 शोधार्थी पीएच.डी. शोध में लगे हुए हैं। परिषद् अधिकारिक रुप से इन अनुसंधान संस्थानों द्वारा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण के लिए किये जा रहे प्रयासों को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका पर गर्व कर सकता है। इस प्रतिवेदित वर्ष के दौरान, इन संस्थानों में 292 परियोजनाएं पूर्ण की गई हैं। वर्ष के अंत तक, कुल 356 अध्ययनों पर काम जारी था।

अनुसंधान संस्थानों द्वारा अपने अनुसंधान परिणामों को पुस्तकों, मोनोग्राफ्स, कार्य/सामयिक पत्रों आदि के प्रकाशन के रूप में प्रसारित किया जाता है। इस प्रतिवेदित वर्ष के दौरान, 75 पुस्तक/रिपोर्टें, 14 मोनोग्राफ्स/मिमियोग्राफ्स तथा 145 कार्य/सामयिक पत्रों का प्रकाशन किया गया। साथ ही 376 शोध-पत्रों का भी प्रकाशन किया गया।

संस्थानों द्वारा युवा सामाजिक वैज्ञानिकों को प्रशिक्षण भी दिया जाता है साथ ही ये नए शोधकर्ताओं को उनके शोध के प्रारुप तैयार करने और संचालित करने में सहायता प्रदान करते है। इस कार्य हेतु इन संस्थानों को डॉक्टरल अध्येतावृत्ति प्रदान की जाती है। कुछ संस्थान एम.फिल., पीएच.डी. शोधार्थियों के लिए शिक्षण और प्रशिक्षण कार्यक्रमों में सहायता प्रदान कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, अनुसंधान परिषद की नीति के अनुसार ये विश्वविद्यालयों में स्नात्कोत्तर शिक्षण, अनुसंधान मार्गदर्शन में भाग

लेते हैं, और अपने शोध कार्यक्रमों में विश्वविद्यालयों के शिक्षकों को भी शामिल करते हैं। इस वर्ष के दौरान, 404 शोधार्थी, इन अनुसंधान संस्थानों के संकायों के अंतर्गत अपना शोध पूरा कर रहे थे, 55 शोधार्थियों को पीएच.डी. की डिग्री प्रदान की गई एवं 15 शोधार्थियों ने अपना डॉक्टरल शोध–पत्र प्रस्तुत किया। वर्ष 2022–23 के दौरान, कुल 477 संगोष्ठियां एवं कार्यशालाएं आयोजित की गईं।

एक रुपरेखाः

इस प्रतिवेदित वर्ष में, अनुसंधान संस्थानों के केंद्रबिंदुओं एवं गतिविधियों का विवरण निम्नलिखित हैः

ए.एन. सिन्हा सामाजिक अध्ययन संस्थान, (ए.एन. सिन्हा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल स्टडीज़) पटना, के अनुसंधान कार्य के केंद्रबिंदु में, टेम्परेन्स आंदोलनः बिहार के सामाजिक अर्थतंत्र एवं आजीविका पर शराब बंदी के प्रभाव, बाल मजदूरी की मूल्यांकन प्रक्रिया, विद्यालय छोड़ने वाले बच्चों के कौशल विकास में गैर–आवासीय विशेष प्रशिक्षण की भूमिका, एनएफएसए फूड सिक्योरिटी एक्ट 2013 (फेज़–2, राउंड दो और तीन) का समवर्ती निरीक्षण आदि विषय रहे। इस काल के दौरान, 41 परियोजनाएं/अध्ययन पूर्ण किये गए और 13 अध्ययन अभी जारी हैं। पाँच पुस्तकों व पत्रिकाओं में 3 अनुसंधान लेखों के प्रकाशन के अतिरिक्त संस्थान द्वारा 8 संगोष्ठियों/सम्मेलनों/कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

विकास अध्ययन केन्द्र (सेंटर फॉर डेवलेपमेंट स्टडीज़), थिरुवनंथपुरम की अनुसंधान गतिविधियों में इस वर्ष, भारत के गैर–कृषि क्षेत्र में वृहद स्तर रोज़गार निर्माण की रणनीति एवं नीतियां; भारत के दो उच्च–प्रौद्योगिकी उद्योगों का अभिनव नवाचार प्रदर्शन; केरल राज्य में कारागार नारी अधिकारवाद एवं दंडात्मक स्थिति; प्रवासी बालकों का संख्या निर्धारण एवं जन संसाधनों तक उनकी पहुँच; लचीली कार्य व्यवस्था एवं लिंग आधारित परिणाम; कोविड–19 के प्रभाव आदि विषय रहे। केन्द्र द्वारा 15 परियोजनाएं पूर्ण की गईं एवं 19 परियोजनाएं वर्तमान में जारी हैं। 6 शोधार्थियों को पीएच.डी. की डिग्री प्रदान की गईं तथा 43 शोधार्थी अभी पीएच.डी. डिग्री के लिए अध्ययनरत हैं। 3 पुस्तकें एवं 32 अनुसंधान लेखों का प्रकाशन किया गया। विभाग द्वारा 2 मोनोग्राफ्स और 8 कार्य–पत्र प्रकाशित किये गए। साथ ही, केन्द्र द्वारा 54 संगोष्ठियों/सम्मेलनों/व्याख्यानों/कार्यशालाओं का आयोजन किया गया।

आर्थिक एवं सामाजिक अध्ययन केन्द्र (सेंटर फॉर इकोनोमिक एंड सोशल स्टडीज़), हैदराबाद की अनुसंधान गतिविधियों के केंद्रबिंदु में, तेलंगाना के कपास कृषि समुदायों के कार्यस्थल पर मूलभूत अधिकार तथा सिद्धांत; तेलंगाना की कपास मूल्य शृंखला के कपास कृषकों में, कृषकों और कृषि मजदूरों की मांग और आपूर्ति वित्तीय सेवा (एसडीएफएस) की पहुंच; आधुनिक एवं परंपरागत पर्यावरणीय पैकेज से समृद्ध मोटे अनाज पर आधारित कृषि–जैविकी तंत्र; शासकीय विद्यालयों में आधार आधारित बायो–मैट्रिक उपस्थिति व्यवस्था को लागू करने के प्रभाव; आंध्र प्रदेश में बाल–कल्याण का राज्य–बजट; आदि अध्ययन रहे। केन्द्र द्वारा 14 परियोजनाएं पूर्ण की गईं एवं 14 परियोजनाएं अभी जारी हैं। 2 शोधार्थियों को पीएच.डी. की डिग्री प्रदान की गई एवं वर्तमान में 36 शोधार्थी पीएच.डी. डिग्री के लिए अध्ययनरत हैं। 3 पुस्तकों एवं 24 अनुसंधान लेखों का प्रकाशन किया गया तथा विभाग द्वारा 4 मोनोग्राफ्स लाए गए।

बहु–विषयी विकास अनुसंधान केन्द्र (सेंटर फॉर मल्टी डिसिप्लिनरी डेवलेपमेंट रिसर्च), धारवाड़ की प्रमुख गतिविधियों का केन्द्रबिंदु, हुबली–धारवाड़ में कोविड–19 महामारी एवं जल तक पहुंच; कर्नाटक में चारागाहों की स्थिति एवं प्रबंधन; जनजातीय विकास की स्थिति; कर्नाटक के ग्रामीण अंचलों में अनुसूचित जाति की बालिकाओं के विद्यालय छोड़ने की समस्याएं; कर्नाटक के हुबली–धारवाड़ शहरों में नगर निगम अपशिष्ट प्रबंधन आदि विषयों का अध्ययन रहा। प्रतिवेदित वर्ष में, केन्द्र द्वारा 7 परियोजनाएं पूर्ण की गईं और 10 परियोजनाएं पूर्ण होने के विभिन्न स्तरों पर हैं। 1 शोधार्थी को पीएच.डी. की डिग्री प्रदान की गई, 1 शोधार्थी ने अपना शोध–प्रबंध प्रस्तुत किया और 38 शोधार्थी पीएच.डी. के लिए अध्ययनरत हैं। केन्द्र द्वारा 1 पुस्तक, विभिन्न पत्रिकाओं में 32 अनुसंधान पत्र/लेख प्रकाशित किये गए। प्रतिवेदित वर्ष में, 2 कार्य–पत्र/सामयिक–पत्र/रिपोर्ट/मोनोग्राफ्स आदि प्रकाशित किए गये।

नीति अनुसंधान केन्द्र (सेंटर फॉर पॉलिसी रिसर्च), नई दिल्ली के अध्ययन का केंद्रबिंदु, भारत के स्वास्थ्य बजट की एक दिग्दर्शिका; लोकतंत्र; शासन प्रक्रिया में प्रभावी भागीदारी के लिए डिजीटल तकनीकों का उपयोग; लोकतांत्रिक उत्तरदायित्व एवं नागरिक–राजनेता संबंध परियोजना (सिटीजन–पॉलिटीशियन लिंकेज प्रोजेक्ट–डीएएलपी); राज्य स्तरीय राजनैतिक दल एवं संघवाद; धीमे कार्बन विकास पर भारत की दीर्घकालिक रणनीति की तैयारी पर परामर्श; जलवायु, ऊर्जा व पर्यावरण पर पहल; आदि विषयों पर रहा। इस वर्ष के दौरान, केन्द्र द्वारा 35 परियोजनाएं पूर्ण की गईं एवं 23 परियोजनाएं पूर्णता के विभिन्न स्तरों पर हैं। विभाग द्वारा 1 पुस्तक एवं विभिन्न पत्रिकाओं में 34 अनुसंधान–पत्र प्रकाशित किये गए। इसके अतिरिक्त, 11 कार्य–पत्र भी प्रकाशित किये गए। इस वर्ष के दौरान केन्द्र ने 37 संगोष्ठी/कार्यशाला/सम्मेलन आयोजित किए, साथ ही केन्द्र द्वारा 37 नीति सार भी बनाए गए।

सामाजिक अध्ययन केन्द्र (सेंटर फॉर सोशल स्टडीज़), सूरत की अनुसंधान गतिविधियों का संबंध, तापी नदी के ऊपर जल उद्देश्य हेतु पारंपरिक बांध; सूरत शहर को बाल मित्रता

वाला शहर बनाने; प्रवासी मजदूरों पर कोविड-19 के प्रभाव; गुजरात के जनजातीय समाज में खाद्य सुरक्षा; कोरोना महामारी और सूरत समाज; क्षेत्रीय साहित्य एवं इतिहास जागरुकताः फणिश्वरनाथ रेणु का संसार; आदि विषयों के अध्ययन से रहा। इस वर्ष के दौरान, संस्थान द्वारा 3 अनुसंधान परियोजनाएं पूर्ण की गईं जबकि 6 परियोजनाएं अभी जारी हैं। विभागीय सदस्यों द्वारा विभिन्न पत्रिकाओं में 9 अनुसंधान-पत्र प्रकाशित किये गए एवं 13 संगोष्ठियों/सम्मेलनों/क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, साथ ही 3 पुस्तकों व 3 कार्य-पत्रों का प्रकाशन किया गया। इसके अतिरिक्त, 1 शोधार्थी को पीएच.डी. की डिग्री प्रदान की गई।

